Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 302 | सोमवार, 03 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भारत ने महिला वनडे विश्वकप का खिताब जीता

# भारत की बेटियां विश्व विजेता

**नई दिल्ली।**

भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई। 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में यह भारत का पहला वनडे विश्व कप का खिताब है। पहला महिला वनडे विश्व कप 1973 में खेला गया था।

भारत ने 50 ओवर के खेल के बाद सात विकेट गंवाकर 298 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 299 रन का लक्ष्य रखा था। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 350 के स्कोर तक पहुंच जाएगी, लेकिन मध्यक्रम में विकेट गिरने और




धीमी बल्लेबाजी से ऐसा नहीं हो सका और भारतीय टीम 300 के करीब ही पहुंच पाई। यह महिला वनडे विश्व कप फाइनल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा और भारत का विश्व कप फाइनल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर है। उसने 2022 विश्व कप फाइनल में पांच विकेट पर 356 का स्कोर बनाया था। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 58 रन और शेफाली ने 87 रन की पारी खेली। इसके अलावा स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 24 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जेमिमा रॉड्रिग्स 24 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर ने 12 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए। वहीं, मलाबा, डी क्लर्क और क्लो ट्रायोन को एक-एक विकेट मिला।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी

299 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। कप्तान एल वोल्वार्ट के अलावा कोई अफ्रीकी बल्लेबाज मैदान पर नहीं टिक सका। वोल्वार्ट ने 98 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन की पारी खेली। वहीं, ताजमिन ब्रिट्स 23 रन और सुने लूस 25 रन बना सकीं। बॉश खाता नहीं खोल सकीं। मारिजाने कैप चार रन और क्लो ट्रायोन नौ रन बनाकर आउट हुईं। सिनालो जाफ्ता ने 16 रन की पारी खेली। आखिर में डर्कसेन ने जरूर 35 रन बनाए, जबकि डी क्लर्क ने 18 रन बनाए, लेकिन यह काफी नहीं था। शेफाली वर्मा ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया। उन्होंने दो विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इसके अलावा श्री चरणी ने एक विकेट लिया और कसी हुई गेंदबाजी की। दक्षिण अफ्रीका की पारी 45.3 ओवर में 246 रन पर सिमट गई।

# पाकिस्तानी बॉर्डर के पास रेत के टीलों के बीच गरज रहे टैंक

**जयपुर।**

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट जैसलमेर के रेतीले घोरों (टीलों) में इन दिनों टैंक गरज रहे हैं। 28000 फीट की ऊंचाई से लड़ाकू विमान लक्ष्य पर मिसाइल दाग रहे हैं। सेना के जांबाज चुन-चुनकर दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों को नेस्तनाबूद कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार तीनों सेनाओं का जैसलमेर से कच्छ तक 'त्रिशुल' नामक संयुक्त युद्धाभ्यास चल रहा है। 30 अक्टूबर से शुरू यह अभ्यास 10 नवंबर तक चलेगा।



इस दौरान तीनों सेनाएं अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रही हैं। सेना के कमांडो, वायुसेना के गरुड़ और नौसेना के मार्कोस अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके माध्यम से भारत यह संदेश देने का भी प्रयास कर रहा है कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।

## आज जारी होगी निगम चुनाव की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में उप चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग आज अधिसूचना जारी करेंगे। अधिसूचना जारी करते हुए निगम चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो जाएंगे 10 नवंबर तक 12 सीटों पर नामांकन किए जा सकेंगे। दिल्ली राज्य निर्चावन आयोग के अनुसार नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक सभी रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किए जा सकेंगे। आयोग ने इसके लिए सभी रिटर्निंग आफिसर की जानकारी अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दी है। आयोग के अनुसार नामांकन पांच हजार रुपये सुरक्षा राशि सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को जमा करानी होगी जबकि 2500 रुपये अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले प्रत्याशी को जमा करानी होगी।

# गुरु नानक देव की जयंती पर पाकिस्तान का दौरा करेंगे 2,100 से अधिक सिख श्रद्धालु


**नई दिल्ली।**

पांच नवंबर को गुरु नानक देव की 556वीं जयंती के अवसर पर 2,150 भारतीय सिख श्रद्धालुओं के लाहौर पहुंचने की उम्मीद है। मुख्य कार्यक्रम नानकाना साहिब के गुरुद्वारे में आयोजित होगा, जोकि लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर है। यही गुरु नानक देव का जन्म हुआ था। ईवाक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहियुद्दीन ने बताया-श्पाकिस्तान सरकार ने बाबा गुरु



नानक देव की जयंती में भाग लेने के लिए 2,150 भारतीय सिखों को वीजा जारी किए हैं। ये श्रद्धालु चार नवंबर को वाघा सीमा के रास्ते से लाहौर पहुंचेंगे। ईटीपीबी देश में अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थलों की देखरेख करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है लेकिन इस बार भारतीय सिखों का स्वागत सम्मान और आतिथ्य के साथ किया जाएगा। ईटीपीबी के अतिरिक्त सचिव नासिर मुश्ताक ने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, जिसमें आवास, लंगर, परिवहन, सफाई और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं। सुरक्षा के लिए रेंजर्स, पुलिस और विशेष बलों की तैनाती की गई है। भारतीय सिख 10 दिन की यात्रा के बाद 13 नवंबर को अपने देश लौटेंगे।

# आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली।**

आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। कोर्ट ने बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भी सुनवाई के दौरान हाजिर रहने का आदेश सुनाया है। 27 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान कंप्लायंस एफिडेविट दायर न करने पर शीर्ष अदालत ने कड़ा रुख अपनाया था। अदालत ने 22 अगस्त को आदेश दिया था कि सभी राज्य पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियमों के तहत उठाए गए कदमों के बारे में शपथपत्र दें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। 31 अक्टूबर को अदालत में मुख्य सचिवों को सशरीर पेशी से राहत देने की अपील की गई थी, जिस पर पीठ ने कहा था कि अधिकारियों के मन में कोर्ट के आदेश के प्रति जरा भी सम्मान नहीं नजर आया। इसलिए उनको पेश होना होगा।

## एमएसयू और सिक्किम विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा दुर्लभ पौधे की खोज




**नई दिल्ली।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की स्कूल ऑफ बाटनी की शोध टीम ने एक दुर्लभ वनस्पति प्रजाति की खोज की है। यह प्रजाति अब तक दुनिया के लिए अनजान थी। इसको स्वेर्टिया नेक्टरिकोनाटस नाम दिया गया है। बाटनी विभाग के डॉ. हर्ष सिंह तथा सिक्किम विश्वविद्यालय के डॉ. अरुण छेत्री ने यह खोज की है। डॉ. हर्ष सिंह ने बताया कि यह पौधा उत्तरी सिक्किम हिमालयी क्षेत्र के भतारा धोम्योंग में खोजा गया है, जो जैव विविधता के अपार भंडार से परिपूर्ण है। यह खोज इस बात का प्रमाण है कि भारत का पर्वतीय क्षेत्र प्रकृति की अनमोल धरोहरों से भरा पड़ा है। उन्होंने बताया कि यह पौधे हरित-नीले रंग के होते हैं और इनमें मौजूद विशिष्ट रस ग्रंथियां अपने आधार पर एक-दूसरे से जुड़ी होती हैं, जो इसे अन्य प्रजातियों से अलग पहचान देती हैं। उन्होंने बताया कि इस शोध को अंतरराष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान पत्रिका फाइटोटेक्सा ने न्यूजीलैंड में प्रकाशित किया है। इस नई प्रजाति को किउ बाटनिकल गार्डेन यूके द्वारा संचालित इंटरनेशनल प्लांट नेम्स इंडेक्स (आइपीएनई) में भी शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि यह खोज भारत के विज्ञानियों की प्रतिभा, समर्पण और अनुसंधान क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## शोध में निजी निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# एक लाख करोड़ के फंड की शुरूआत करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को यहां पहले इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कांक्लेव (ईएसटीआइसी) 2025 का उद्घाटन करेंगे और अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के फंड की शुरूआत करेंगे। ईएसटीआइसी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सरकार का एक प्रमुख आयोजन बताया जा रहा है जिसे प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि तीन दिवसीय कांक्लेव में शिक्षा जगत, अनुसंधान संस्थान, उद्योग जगत एवं सरकार, नोबेल पुरस्कार विजेता, जाने-माने विज्ञानी, इनोवेटर और नीति निर्धारकों समेत 3,000 से अधिक प्रतिभागी एक साथ आएंगे। देश में अनुसंधान एवं विकास इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री एक लाख करोड़



इनमें एडवांस्ड मटीरियल्स एवं मैन्युफैक्चरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायो–मैन्युफैक्चरिंग, ब्लू इकोनमी, डिजिटल कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रानिक्स एवं सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, इमर्जिंग एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी, एनर्जी, एनवायरमेंट एवं क्लाइमेट, हेल्थ एवं मेडिकल टेक्नोलाजी, क्वांटम साइंस एवं टेक्नोलाजी और स्पेस टेक्नोलाजी शामिल हैं।

रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) स्कीम फंड को लॉन्च करेंगे। इस स्कीम का उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान एवं विकास इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ईएसटीआइसी एक ऐसे प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा जो कमियों की पहचान करेगा, साझेदारियां करेगा और ऐसे मार्ग प्रशस्त करेगा जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को भारत की विकास प्राथमिकताओं से जोड़ेंगे।

# आरआरएस की तीन दिवसीय बैठक हुई

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक के बाद अब समीक्षा का दौर प्रारंभ हो गया है। रविवार को संघ के शीर्ष नेतृत्व और प्रांत स्तर के पदाधिकारियों ने बैठक के प्रस्तावों की गहन समीक्षा की। संघ का मुख्य ध्यान प्रस्तावों को निचले स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर रहा। शताब्दी वर्ष के लिए निर्धारित कार्यक्रमों की निगरानी




और क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। कचनार क्लब परिसर में आयोजित इस बैठक के बाद कई पदाधिकारी वहीं ठहरे हुए हैं। समीक्षा बैठक का क्रम रविवार को पूरे दिन जारी रहा। गृह संपर्क अभियान और विशिष्टजनों से संपर्क करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श हुआ। नशाखोरी और मतांतरण प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। इस बैठक में सरसंघचालक डा. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित क्षेत्रीय और प्रांत पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ के प्रांत पदाधिकारी अब वापस लौट रहे हैं, जबकि शीर्ष टोली के पदाधिकारी तीन नवंबर को फिर बैठक करेंगे। सरसंघचालक पांच नवंबर को जबलपुर से रवाना होंगे।

# मणिपुर में अलग-अलग संगठनों के आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**

मणिपुर में पिछले 24 घंटों में सुरक्षा बलों ने पांच जिलों से अलग-अलग प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से कुछ हथियार एवं गोला-बारूद भी बरामद किए हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए उग्रवादी कंगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी, पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी आफ कंगलीपाक और पीपल्स लिबरेशन आर्मी जैसे संगठनों से जुड़े थे और उन्हें जिरिबाम, इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर और काकचिंग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि ये खूंखार उग्रवादी लोगों को धमकाने-डराने, सरकारी कर्मचारियों एवं ठेकेदारों से जबरन चंदा वसूलने जैसे कई अपराधों में शामिल रहे हैं। उनके पास से कुछ छोटे हथियार, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, आधार/पैन कार्ड, कई मोबाइल फोन, साथ ही अतिरिक्त सिम कार्ड और एक कार बरामद की गई। बरामद हथियारों और अन्य चीजों में पांच स्थानीय रूप से बनी सिंगल-बैरल बंदूकें, दो वायरलेस सेट और कई काम्बैट जूते और कपड़े शामिल हैं। अधिकारी के अनुसार, मणिपुर के अलग-अलग जिलों में पहाड़ी और घाटी दोनों इलाकों में कुल 115 नाके/चेकपोस्ट लगाए गए थे, ताकि संदिग्ध गाड़ियों पर नजर रखी जा सके और असामाजिक तत्वों की गैर-कानूनी हरकतों को रोका जा सके।



## संपादक की कलम से

# घुसपैठिए हैं तो भगाओ उन्हें

बिहार में प्रथम मतदान तीन दिन बाद है। माहौल खूब तप चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस चुनाव में भी घुसपैठियों का मुद्दा शिद्दत से उठाया है। देश के प्रथम गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार पटेल की जन्म जयंती 31 अक्तूबर को थी। उसे हम राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाते हैं। उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने घुसपैठ या अवैध प्रवास को राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वोट बैंक के लिए सरकारों ने घुसपैठ के प्रति आंखें मूंद रखी हैं और देश की जनसांख्यिकी बदल रही है। उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर मुसलमानों को लक्षित नहीं किया, लेकिन गृहमंत्री ने कहा कि मुस्लिम आबादी 24.6 फीसदी हो गई है। अर्थात देश में मुसलमान 35-36 करोड़ से अधिक हैं। गृहमंत्री ने तल्खी से कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। मुस्लिम आबादी ही घुसपैठिए हैं, यकीन नहीं होता, क्योंकि बीते दिनों नाइजीरिया, युगांडा, रवांडा, नेपाल आदि देशों के भी अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेजा गया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों का आंकड़ा हम 1975-76 से सुनते आ रहे हैं कि करीब 2 करोड़ बांग्लादेशी हमारे देश में हैं। यह आरएसएस और जनसंघ का बुनियादी, वैचारिक, राजनीतिक मुद्दा रहा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने एक सवाल के जवाब में संसद को बताया था कि घुसपैठियों की संख्या 2 करोड़ से अधिक है। उनकी गणना मुश्किल है, क्योंकि उनके पास वैध, सरकारी दस्तावेज हैं, बेशक अवैध तरीके से हैं। 2004 में यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने संसद में खुलासा किया था कि देश में 1.2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध प्रवासी हैं। गौरतलब है कि तत्कालीन भारत सरकार ने उन्हें घुसपैठिए करार नहीं दिया था। मौजूदा गृह मंत्रालय का यह भी डाटा है कि देश में 40,000 से अधिक रोहिंग्या मुसलमान भी हैं, जो जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उप्र, राजस्थान और तेलंगाना आदि राज्यों में फैले हैं। रोहिंग्या की अधिकतर घुसपैठ म्यांमार और बांग्लादेश से होती रही है। सवाल यह है कि यदि देश में इतने घुसपैठिए हैं और प्रधानमंत्री अलग-अलग चुनावों में, बार-बार, यह मुद्दा उठाते रहे हैं, स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से नेशनल डेमोग्राफी मिशन की घोषणा भी की थी, तो इन घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने में सरकार अभी तक नाकाम क्यों रही है? घुसपैठ एक राष्ट्रीय समस्या है अथवा सियासी संग्राम है या देश की सुरक्षा के लिए वे वाकई खतरा हैं, यथार्थ क्या है? प्रधानमंत्री मोदी का बार-बार इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताना तार्किक नहीं लगता, जबकि मोदी सरकार का घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजने का आंकड़ा ऊंट के मुंह में जीरा समान ही रहा है। मोदी सरकार ने 2017 में 1175, 2018 में 1118, 2019 में 1351, 2023 में 1547, 2024 में 1694, 2025 में अभी तक 723 कथित घुसपैठियों को पकड़ा है। मान लेते हैं कि सभी को उनके मूल देश वापस भेज दिया जाएगा, तो सरकारी आंकड़ों का कुल 10,000 भी नहीं हुआ। खुद सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि देश में 2 करोड़ से अधिक घुसपैठिए हैं। सरकार की जवाबदेही क्या है? इन आंकड़ों से तो स्पष्ट है कि देश कभी भी घुसपैठिया-मुक्त नहीं होगा! गृहमंत्री अमित शाह ने यह भी खुलासा किया है कि पश्चिम बंगाल में ही मुस्लिम आबादी वृद्धि 40 फीसदी है, जबकि सीमावर्ती इलाकों में यह बढ़ोतरी 70 फीसदी तक जाती है। क्या मुस्लिम आबादी की इस बढ़ोतरी को ही घुसपैठिए मान लिया जाए? यह न्यायिक नहीं होगा। चूंकि बिहार में चुनाव है, लिहाजा सवाल किया जाना चाहिए कि सीमांचल क्षेत्र के तहत किशनगंज संसदीय सीट पर करीब 68 फीसदी मुस्लिम आबादी क्यों है? इन सवालों के जवाब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही दे सकते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### अरमान

कविता

चिता जला दो मेरी मनहुस शाम का
चिता जला दो मेरी दिल के ख्वाब का
चिता जला दो मेरी मन की अरमान का
चिता जला दो मेरी बदनाम नाम का

जीना अब मैं नहीं चाहता इस बेरहम जग में
पीना भी नहीं चाहता हूँ मदिरा इस गम में
जो दर्द सीने में शूल सा हर पल चुभता हो
सहन करना भी नहीं चाहता हूँ पल पल मैं

क्यूं आस लगाये हो प्रेम में मेरी ओ बवफा
कोई नहीं लगता हूँ मोहब्बत में तेरी हूँ क्या
क्यूं घुंघट में सिमट बैठी हो मेरी इन्तजार में
कौन हूँ मैं क्या रिश्ता है तेरी मेरी है ये बता

क्यूँ मौन हो देख रही हो मेरी कब से तूँ राहें
क्यूं जला बैठी हो नित्य शमां को खुद के द्वारे
हवा से क्यूं पूछती रहती हो मेरी अता पता
क्यूँ देख मचल जाती हो मेरी परछाईं ये बता

दिल रोता है मेरी जार जार तुंने की जो की खता
क्यूं करती हो मेरी इन्तजार हर बार ओ बेवफा
ना पोछों मेरी आँसू जो दिल ने बहाया बहाया है
बहने दो मेरी अश्क शर्मसार ना कर मेरी जफा

अय खुदा बता दो मेरी जग में क्या हुई मुझसे खता
मेरी दिल की मोहब्बत की क्या है तेरे पास सजा
क्यूँ दिखलाई है वो दर्द भरी जग में मेरी राह
सजा दो जो चाहे दिल में तेरी नजरों से ना होगी आह

तेरी हर सजा सर आँखों पे रख स्वीकार मैं कर लूँ
जो चाहे तूँ सलूक कर ले आह तक ना मैं भरूँ
जो रूला जाये जीवन में हर पल बेरहम दिलवर
ना करना है कभी मोहब्बत जीवन में आज व कल

शमशान की कोई मुझे पता तो बता कर दिखलाना
मेरी मौत पर कफन की चादर ओढ़ा कर जतलाना
क्यूं जियें अब इस बेरहम दुनियाँ में ओ रहमत
कौन है इस जग में मेरी कोई उसका पता तो बतलाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बासी पोहा हो गया सख्त तो अपनाइए ये आसान नुस्खा, मिलेगा वही पुराने जैसा स्वाद

यह एक आसान तरीका है बासी पोहा को फिर से फ्रेश करने का। इसके लिए सबसे पहले पोहे को एक कटोरे या कड़ाही में डालिए और उस पर 2-3 चम्मच पानी हल्के से छिड़किए। अब इसे ढककर 2-3 मिनट के लिए रख दीजिए। दरअसल, पोहा इसलिए सूख जाता है क्योंकि उसमें से नमी निकल जाती है। नाश्ते में पोहा खाना आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। सुबह अक्सर चाय के साथ पोहा खाने में एक अलग ही मजा आता है। लेकिन पोहा केवल तभी अच्छा लगता है, जब उसे बनाकर गरमा-गरम सर्व किया जाए। अगर उसे बाद में खाया जाता है तो वह थोड़ा सख्त और सूखा-सूखा महसूस होता है। इतना ही नहीं, उसका वो टेक्सचर भी गायब हो जाता है, जिसकी वजह से उसे खाने का मन ही नहीं करता है। हालांकि, अगर आप ऐसे में उसे फेंकने की सोच रहे हैं तो जरा ठहरिए। अगर आप चाहें तो थोड़ा सा जादू करने पर बासी पोहा को फिर से नरम, टेस्टी और फ्रेश बना सकते हैं। वास्तव में, पोहा उन आसान डिशेज में से है, जिसे अगर सही ट्रिक से दोबारा गरम किया जाए तो उसका स्वाद और



टेक्सचर दोनों ही पहले जैसा हो जाता है। तब आपको उसे खाते समय ऐसा महसूस होता है, जैसा कि इसे अभी-अभी गरमागरम बनाया गया हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपके बासी पोहे को फिर से टेस्टी बनाने में मदद करेंगे-

**थोड़ा पानी छिड़कें:** यह एक आसान तरीका है बासी पोहा को फिर से फ्रेश करने का। इसके लिए सबसे पहले पोहे को एक कटोरे या कड़ाही में डालिए और उस पर 2-3 चम्मच पानी हल्के से छिड़किए। अब इसे ढककर 2-3 मिनट के लिए रख दीजिए। दरअसल, पोहा इसलिए सूख जाता है क्योंकि उसमें से नमी निकल जाती है। थोड़ा पानी और भाप उसे चिपचिपा किए बिना दोबारा नरम बना देते हैं।

**थोड़ा तेल या घी डालकर दोबारा गरम करें:** एक पैन में 1 चम्मच तेल या घी गरम करें। चाहें तो उसमें थोड़े राई के दाने, करी पत्ता या एक चुटकी हल्दी डालें। अब उसमें बासी पोहा डालकर 1-2 मिनट तक चलाइए। जब आप पोहे को हल्का सा भूनते हैं तो इससे पोहे की खुशबू और स्वाद दोनों ताजा हो जाते हैं। तेल हर दाने को कोट कर देता है जिससे पोहा दोबारा चिपकता नहीं है।

**आजमाएं माइक्रोवेव ट्रिक:** अगर आपके पास समय कम हो तो माइक्रोवेव की इस ट्रिक को भी आजमाया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले पोहे पर थोड़ा पानी छिड़कें, फिर उस पर गीला टिशू पेपर या माइक्रोवेव ढक्कन रखकर 30-40 सेकंड के लिए गरम करें। गीला टिशू भाप को अंदर रोकता है, जिससे पोहा बराबर गरम होता है और सूखता नहीं है।

# बीमारियों से मुक्ति का अचूक मंत्र! रोज पिएं 5 ड्राई फ्रूट्स का पानी, इम्युनिटी बनेगी फौलादी।

भागदौड़ भरी जिंदगी में कमजोर इम्युनिटी से बीमारियों का खतरा बढ़ता है, जिसका समाधान 5 ड्राई फ्रूट्स का पानी है। बादाम, अखरोट, किशमिश, अंजीर और मुनक्का को रातभर भिगोकर सुबह खाली पेट पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, जिससे शरीर बीमारियों से बेहतर ढंग से लड़ पाता है और पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है। यह सरल उपाय सेहत में सुधार और दैनिक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में सहायक है। भागदौड़ भारी जिंदगी के चक्कर में खुद की सेहत का ध्यान रखना पाना मुश्किल हो जाता है। बिजी लाइफस्टाइल होने की वजह से लोग अपने शरीर का बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखते हैं। शरीर के रोगों से लड़ने के लिए इम्युनिटी स्ट्रांग होना काफी जरुरी है। अगर हमारे बॉडी की इम्युनिटी कमजोर होगी, तो हम बार-बार सर्दी-जुकाम, बुखार और अन्य इंफेक्शन के चपेट नहीं आएंगे। बदलते मौसम में इम्युनिटी को मजबूत रखना काफी जरुरी है। बढ़ते हुए प्रदूषण में अपने सेहत का ध्यान रखना काफी जरुरी है। अगर आप अपनी डाइट में भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स का पानी एड ऑन करते हैं, तो यह किसी वरदान से कम नहीं है।

**इम्युनिटी बढ़ाने वाले 5 ड्राई फ्रूट्स का पानी:** यदि आप भी अपनी बॉडी की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना चाहते हैं, तो रात के समय इन 5 ड्राई फ्रूट्स को भिगोकर



रखें और सुबह खाली पेट इनका पानी पिएं।

**बादामः** बादाम सेहत के लिए काफी हेल्दी होते हैं। बादाम में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। इसके सेवन से दिमाग तेज होता है, इसके साथ ही इम्यून सिस्टम की कोशिकाएं भी हेल्दी होती है। रात के समय में 5-6 बादाम भिगोकर रख दें। सुबह बादाम निकालकर रख लें और बचा हुआ पानी पी लें।

**अखरोटः** अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स की भरपूर मात्रा होती है, यह शरीर की सूजन को कम करने में मदद करता है। अखरोट का पानी पीने से इम्युनिटी बूस्ट होती है। इसके लिए 2 अखरोट की गिरी रात भर भिगो दें। सुबह खाली पेट इसे खाकर इसका पानी पी लें।

**किशमिशः** किशमिश किसी सुपरफूड से कम नहीं है। इसमें आयरन और विटामिन-सी का खजाना है। किशमिश खून बढ़ाने और संक्रमण से लड़ने में सहायक होता है। यह पोषक तत्वों का खजाना है। किशमिश सेवन करने से पाचन भी दुरुस्त रखता है। इसके लिए 8 से 10 किशमिश को एक कप पानी में भिगो दें। सुबह किशमिश खाएं और बचा हुआ मीठा पानी पी लें।

**अंजीरः** अंजीर में फाइबर, पोटैशियम और कई महत्वपूर्ण विटामिन्स होते हैं। यह गट हेल्थ के लिए सबसे बढ़िया होता है। इसके साथ ही यह इम्युनिटी बढ़ाता है। 2 सूखे अंजीर रात को भिगो दें। सुबह इसका पानी पीने से पेट साफ रहेगा और ताकत बढ़ेगी।

**मुनक्काः** मुनक्का को बड़ी काली किशमिश के नाम से भी जाना जाता है। मुनक्का में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने और खून साफ करने में मदद करता है, इससे शरीर बीमारियों से बेहतर तरीके से लड़ता है। आप 5 से 7 मुनक्के को भिगोकर, सुबह उनका पानी पीने से मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।

**इस तरह से डाइट में शामिल कर सकते हैः** अगर आप चाहे तो इन सभी 5 ड्राई फ्रूट्स (बादाम, अखरोट, किशमिश, अंजीर, मुनक्का) को एक-साथ थोड़ी-थोड़ी मात्रा में रात भर में पानी में भिगों दें। अगले दिन सुबह खाली पेट इसे पी लें और बाद में ड्राई फ्रूट्स तो चबाकर खा लें। ऐसा करने से आप पूरे दिन ऊर्जावन बनें रहेंगे और आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

# सर्दियों में कम करना चाहती हैं वजन तो ना करें ये गलतियां

ठंड के मौसम में हम सभी को प्यास काफी कम लगती है, इसलिए अक्सर हम पानी बहुत कम पीते हैं। लेकिन ऐसा करने से वजन कम करने में काफी परेशानी होती है। दरअसल, पानी कम पीने से मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और अक्सर प्यास को भूख समझकर हम ज्यादा स्नैकिंग करने लगते हैं। ठंड का अपना ही एक अलग मजा होता है। गर्म कम्बल में लेटकर गरमा-गरम चाय या कॉफी का लुत्फ उठाने का एक अलग ही अनुभव होता है। यह एक बेहद ही कंफर्टेबल मौसम होता है, जिसमें आराम करना अच्छा लगता है। लेकिन अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रही हैं तो ऐसे में ठंड के दिनों में आपको थोड़ी ज्यादा परेशानी हो सकती है, क्योंकि मौसम में ठंडक आपको आराम करने, कंफर्टेबल फूड खाने और चैन की नींद लेने पर मजबूर करता है। वहीं अगर इसके साथ आपकी कुछ छोटी-छोटी गलतियां वेट लॉस जर्नी पर भारी पड़ जाती हैं। अगर आप सच में वजन कम करना चाहती हैं तो आपको यह समझना होगा कि ठंड का मौसम अपने साथ कुछ चुनौतियां लेकर आता है।



**कम पानी पीनाः** ठंड के मौसम में हम सभी को प्यास काफी कम लगती है, इसलिए अक्सर हम पानी बहुत कम पीते हैं। लेकिन ऐसा करने से वजन कम करने में काफी परेशानी होती है। दरअसल, पानी कम पीने से मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और अक्सर प्यास को भूख समझकर हम ज्यादा स्नैकिंग करने लगते हैं। इसलिए, ठंड के दिनों में भी अपने वाटर इनटेक का ध्यान रखें। आप इस मौसम में गुनगुना पानी, हर्बल चाय या ग्रीन टी पीते रहें।

**वर्कआउट को स्किप करनाः** ठंड के दिनों में अक्सर बिस्तर छोड़ने का मन नहीं करता है और इसलिए हम बार-बार वर्कआउट स्किप कर देती हैं। जब आप ज्यादा एक्टिव नहीं रहती हैं तो इससे मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और फैट स्टोर ज्यादा होता है। इसलिए, अगर इस मौसम में आपका बाहर जाने का मन नहीं है तो ऐसे में घर पर ही वर्कआउट करें। आप डांस से लेकर योग आदि कर सकती हैं।

**बहुत ज्यादा चाय-कॉफी पीनाः** यह सच है कि ठंड के दिनों में हमें बार-बार कुछ गरमागरम खाने या पीने की इच्छा होती है और इसलिए हम बार-बार चाय या कॉफी पीती हैं। हालांकि, ऐसा करने से आपके लिए वजन कम करना मुश्किल हो जाता है। जब आप ज्यादा कैफीन व शुगर लेती हैं, तो इससे डिहाइड्रेशन व एसिडिटी की शिकायत हो सकती है। साथ ही साथ, आपका कैलोरी काउंट भी बढ़ जाता है। बेहतर होगा कि आप दिन में दो कप से ज्यादा चाय या कॉफी ना लें। इसकी जगह हर्बल टी या सूप लें।

# जानलेवा प्रदूषण, सरकारों की शर्मनाक नाकामी

सरकारों की नीतिगत विफलता इस त्रासदी का दूसरा बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। भारत की वायु में जहर घुल चुका है। हाल ही में चिकित्सा जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष दिया है कि 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस वृद्धि का परिणाम यह हुआ कि भारत में सत्रह लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि मानवता की उस सांस का हिसाब है जो हमारे शहरों, गांवों और जीवन से हर दिन छीनी जा रही है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं रह गया है, यह हमारे विकास, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के ढांचे पर गहरी चोट कर रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप लेते हुए जानेलेवा हो गया है, क्योंकि बीते तीन वर्षों में



इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। यह न केवल सरकार की शर्मनाक नाकामी है बल्कि भयावह और बेहद दर्दनाक भी है। द लेंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ ऐंड क्लाइमेट चेंज 2025 रिपोर्ट केवल तथ्य नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। लैंसेट की रिपोर्ट ही नहीं, अलग-अलग वर्षों में विभिन्न संस्थाओं के अध्ययनों ने भी कुछइसी तरह के चिन्ताजनक आंकड़े पेश किए हैं। भारत की विशाल आबादी के कारण भी यह संख्या बड़ी हो सकती है, मगर यह समस्या गंभीर चिंतन और तत्काल निवारक कदम उठाए जाने की मांग करती है। भारत में प्रदूषण केवल औद्योगिक उत्पादन या वाहनों की बढ़ती संख्या से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, असंतुलित शहरीकरण और अनियोजित निर्माण से भी बढ़ रहा है। हर शहर में धूल, धुआं और अव्यवस्था की परतें जमी हैं। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, खेतों में पराली जलाने की आदत, घरेलू ईंधनों का अंधाधुंध उपयोग और बढ़ते वाहनों की भीड़-ये सब मिलकर वातावरण को घुटनभरा एवं जानलेवा बना रहे हैं। हमारे शहर अब सांसों के शत्रु बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण की पीड़ा नीति-निर्धारकों से नहीं, उन लोगों से पूछिए, जो खांसते-खांसते बेदम हो जाते हैं और आखिरकार कई के फेफड़े-हृदय उनका साथ देना बंद कर देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर उस गलती की सजा भुगतने को अभिशप्त हैं, जो उन्होंने नहीं की। वायु में मौजूद सूक्ष्म कण अब हर सांस में जहर बनकर प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है। कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों ने न केवल हवा को जहरीला बनाया है बल्कि हमारे अस्तित्व की नींव को भी कमजोर कर दिया है। इन स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन के कारण लाखों लोग असमय काल के ग्रास बन रहे हैं, लेकिन ऊर्जा नीति में सुधार की गति अत्यंत धीमी है। सरकारें बार-बार स्वच्छ ऊर्जा की बात करती हैं, योजनाएं बनाती हैं, लक्ष्य घोषित करती हैं, पर उनका क्रियान्वयन न के बराबर होता है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि इस प्रदूषण के शिकार सबसे अधिक वे लोग हैं जो इसके निमार्ता नहीं हैं। गरीब मजदूर, झुग्गियों में रहने वाले, बच्चे और बुजुर्ग-ये सभी उस वायु के दंश झेल रहे हैं जिसका लाभ अमीरों ने उठाया है। एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, अमीर तबके का प्रदूषण में योगदान अत्यधिक है। पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की जलवायु असमानता रिपोर्ट 2025 बताती है कि विश्व के सबसे धनी लोग अपनी संपत्ति और निवेशों के माध्यम से जलवायु संकट को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 41 प्रतिशत के लिए निजी पूंजी जिम्मेदार है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रदूषण का असली निमार्ता संपन्न वर्ग है, जबकि उसकी कीमत गरीब वर्ग अपनी सांसों और जीवन से चुका रहा है।

# कलश यात्रा के साथ भागवत महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** पीत वस्त्र धारी सैकड़ों महिलाओं ने मंगल कलशयात्रा निकाली।इसी के साथ कस्बे में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। समापन नौ नवंबर को किया जाएगा।

प्राचीन नागेश्वर मंदिर परिसर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित भागवत कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ रविवार को मंगल कलश यात्रा के साथ किया गया ।कलश यात्रा का शुभारंभ मौहल्ला अजीजाबाद स्थित चामुंडा देवी मंदिर परिसर से आयोजक यजमान कृष्ण



भारद्वाज ने सपत्नीक पूजा अर्चना करते हुए किया। कलश यात्रा में शामिल पीत वस्त्र धारी सैकड़ों महिलायें अपने सिरों पर मंगल कलश धारण कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। महिलाओं ने मंगल गीत गायन कर कस्बे को भागवत मय बना दिया ।श्री धाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास सोनेंद्र कृष्ण शास्त्री रथ पर सवार होकर चल रहे थे। चामुंडा मंदिर से रवाना होकर मेन सदर बाजार स्याना सिकंदरा मौहल्ला गुलावठी भावसी रोड चौराहा होते हुए कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंच कर संपन्न हुई। आयोजकों ने बताया कि भागवत कथा सोमवार 3 नवंबर से शुरू होकर नौ नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर ग्यारह बजे से शाम चार बजे तक हुआ करेगी। आठ नवंबर की सायं सात बजे से ब्रज की होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।पंडित कृष्ण भारद्वाज डॉ प्रिस शर्मा राहुल सैनी पीतम सिंह, मनीष सिंघल गोलू पंडित चेतन कंसल विजय कंसल दीपक यादव कृष्ण सैनी एन पी एस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एडवोकेट प्रधानाचार्या प्रिया अग्रवाल ऋषिपाल भड़ाना सौरभ सिंघल आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# थाना पटवाई:-'लुटेरी दुल्हन' से संबंधित अभियोग में 02 और महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** वादी ने थाना पटवाई आकर शिकायत की अभियुक्तगण 1.नितिन उर्फ अनिकेत पुत्र नामालूम 2.शिवान्या पुत्री नामालूम 3. नितिन उर्फ अनिकेत की माँ 4. नितिन उर्फ अनिकेत की मौसी नि0गण अज्ञात द्वारा वादी के भाई विकास की शादी शिवान्या उपरोक्त से कराने के नाम पर अम्बेडकर पार्क थाना सिविल लाईन रामपुर में लडकी को दिखाना तथा गोद भ?ाई कराना तथा शादी के नाम पर विभिन्न खर्चो आदि के नाम पर वादी से 177450/- रुपये ले लेना तथा शादी से इन्कार करने व वादी द्वारा अपने रुपये वापस मांगने पर अभियुक्त अनिकेत उर्फ नितिन द्वारा वादी को अपनी बहन से बलात्कार के मुकदमे में फंसवाकर जेल भिजवाने की धमकी दी है । वादी की शिकायत व तहरीर के आधार पर थाना पटवाई रामपुर पर



मु0अ0सं0 159/25 धारा 318(4)/308(6) बीएनएस बनाम नितिन उर्फ अनिकेत पुत्र नामालूम आदि 4 नफर के विरुध पंजीकृत किया गया । अभियोग उपरोक्त की विवेचना के क्रम मे तुरंत कार्यवाही करते हुऐ थाना पटवाई, रामपुर पुलिस द्वारा विवेचना मे तकनीकियों की सहायता से प्राप्त सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित एक अभियुक्त 1. नितिन उर्फ अनितेक पुत्र धर्मपाल मुल निवासी ग्राम कुराली थाना जानी जनपद मेरठ हाल किरायेदार पंडित जी का मकान नई बस्ती समथाल थाना पाकबाडा जनपद मुरादाबाद व एक अभियुक्ता 2. सुहानी उर्फ शिवान्या पुत्री जितेन्द्र वर्मा निवासी इन्द्रा कालोनी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद पत्नी किशन गुप्ता निवासी ग्राम सुनवर थाना चंदौसी जिला सम्भल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# कपसेठी के नेतृत्व में महिलाओं व बालिकाओं ने निकाली जागरूकता यात्रा



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** मिशन शक्ति फेज 0.5 के तहत मिशन शक्ति टीम थाना कपसेठी द्वारा दो नवम्बर रविवार को सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब व प्रभारी निरीक्षक थाना कपसेठी के नेतृत्व में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित महिला जागृति कार्यक्रम में 200 से 300 महिलाओं व बालिकाओं के द्वारा निकाली गयी जागरूकता यात्रा यात्रा कपसेठी स्टेशन रोड से कपसेठी चौराहे तक पुनः कपसेठी स्टेशन रोड पर जाकर समाप्त हुई उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी थानों पर स्थापित नवीन मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090,1930,1076,112, 108,181 आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया उ0नि0 शशांक राय,म0उ0नि मेघा सोलंकी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों की विशेषताएं जैसे जीरो एफआईआर,ई-एफआईआर,नए अपराध,महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान के बारे में अवगत कराकर जागरूक कर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

# नजीबाबाद पहुंचने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नजीबाबाद की ओर से भव्य स्वागत किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर ऑपरेशन सिंदूर की विजयश्री के उपरांत पहली बार गृहनगर नजीबाबाद पहुँचे वीर जवान जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलीबारी का डटकर सामना कर देश का नाम रोशन करने वाले बीएसएफ के उप निरीक्षक अशोक कुमार का अपने अवकाश के दौरान पैतृक ग्राम धनौरा, नजीबाबाद पहुंचने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नजीबाबाद की ओर से भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री डा राजीव अरोड़ा ज़िलाध्यक्ष कपिल सर्राफ अर्चित अग्रवाल रईस कुरैशी पंकज वर्मा दानिश अंसारी धीरज झा मोहम्मद आसिफ मोनू टाटा मोहम्मद असलम दानिश सैफी नदीम फारुकी आदि पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने फूलमालाएं पहनाकर वीर जवान का अभिनंदन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अशोक कुमार जैसे वीर सपूतों की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उनका साहस और देशभक्ति हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर व्यापार संगठन नजीबाबाद ने उप निरीक्षक अशोक कुमार को सम्मान पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के अंत में भारत माता की जय वन्दे मातरम्। और वीर जवान अमर रहें के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

# टांडा-बाजपुर मार्ग पर बदमाशों ने युवक से लूटी बाइक,पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया**

**टांडा (रामपुर)** शनिवार रात टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर बदमाशों ने युवक से तमंचे के बल पर स्प्लेंडर बाइक लूट ली।पुलिस पीड़ित से घटना की जानकारी करने के साथ ही विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। ग्राम मंझरा शीला, गदरपुर (उत्तराखंड) निवासी जुगनू ने बताया कि उसका बेटा अनुज बाजपुर-दोहरा स्थित होटल उड़प्पीवाला में सिक्योरिटी गार्ड है। शनिवार रात ड्यूटी खत्म कर वह अपने दादा-दादी से मिलने ग्राम पीपली नायक जा रहा था। जुगनू के मुताबिक रात करीब साढ़े दस बजे जब अनुज टाण्डा-दढ़ियाल मार्ग पर स्थित त्रिवेणी शुगर मिल के पास चूनामणि चौराहे से महमूदपुर जाने वाले रास्ते पर पहुंचा, तभी झाड़ियों में छिपे तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उसकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने डराते-धमकाते हुए नई स्प्लेंडर बाइक छीन ली और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।डरे सहमे अनुज ने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों के मुताबिक, जिस बाइक को दस दिन पहले ही खरीदा गया था। परिजनों का कहना है कि पुलिस अनुज से पूछताछ करने के साथ ही विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है ।समाचार भेजे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था। उधर, ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

# पुलिस विभाग में या फिर जनता मे अपनी बेहतरीन कार्यशैली के लिए मशहूर कमल किशोर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर नजीबाबाद।** जीआरपी थाना नजीबाबाद का थाना क्षेत्र हर दृष्टि से विस्तृत एवं व्यापक है और बड़ा क्षेत्रफल होने के कारण बहुत सी अहम जिम्मेदारियां होती है और बेहतर ढंग से जीआरपी थानाप्रभारी कमल किशोर चलाएं हुए हैं तथा यह साबित क्या कि भले ही क्षेत्रफल बड़ा हो पुलिस की इच्छा शक्ति कम नहीं होनी चाहिए,जीआरपी थानाप्रभारी कमल किशोर का यहां से पूर्व जहां-जहां तैनात रहें वहा उनका उत्कृष्ट एवं चुनौतीपूर्ण कार्यकाल भी सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा हैं और एक बार फिर आला अधिकारियों ने विश्वास जताते हुए जीआरपी रेलवे नजीबाबाद थाना प्रभारी की कमान कमल किशोर को सौंपी हुई है ।विदित हो की कमल किशोर बिजनौर मुरादाबाद एवं मुजफ्फरनगर जीआरपी थानाप्रभारी की कमान वे अन्य जिलों में अपनी बेहतरीन कार्य प्रणाली का उदाहरण पेश कर सभी को हतप्रभ कर चुके हैं तथा वही शातिर इनामी बदमाशों को उनके अंजाम तक पहुंचा चुके हैं। मेहनत योग्यता कार्यकुशलता के दम पर कार्य करने वाले



जीआरपी रेलवे थानाप्रभारी कमल किशोर पुलिस महकमें में अपनी अलग पहचान के लिये जाने जाते हैं पुलिस विभाग में या फिर जनता मे अपनी बेहतरीन कार्यशैली के लिए मशहूर कमल किशोर ऐसे ही थाना प्रभारी हैं। इनका पूर्व का कार्यकाल बताता है कि उन्होंने पुलिस के गौरव को बढ़ाने के साथ साथ जनता मे अपनी अलग खास पहचान कायम की है कही भी रहें हो अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है ।बिजनौर जीआरपी रेलवे मे तैनात थानाप्रभारी कमल किशोर एक व्यवहार कुशलता व बेहतरीन कार्यप्रणाली के धनी होने के साथ पुलिस विभाग में अपनी पहचान रखते है ।यहां अपराधी अपराध करने के नए नए तरीके इजाद करने की रणनीति बनाते हैं लेकिन जीआरपी थानाप्रभारी कमल किशोर की तेजतर्रार कार्यप्रणाली के सामने यह अपराधी एक बार फिर बेबस हो जाते हैं। कमल किशोर अपनी लगन मेहनत एवं तत्प्रता के दम पर शीर्ष अधिकारियों को विश्वास मे लेकर सदैव बेहतर करने का प्रयास भी करते हैं ।वैसे तो कमल किशोर ने बिजनौर व मुरादाबाद व अन्य जिलों चौकी प्रभारी रहते हुए एक नही अनेको इनामी अपराधियों को जेल की हवा खिलाई तथा वही अपने अधिकारियो के मार्ग निर्देशन मे कार्य करते हुए सदैव खरा उतरने की कोशश मे रहें है अपने उच्चाधिकारियों के मार्ग निर्देशन मे बेहतर पुलिसिंग का नमूना पेश करते रहें हैं यही नही काफी लम्बे समय तक बतौर चौकी प्रभारी रहते हुए अपनी सेवाओ के दौरान जनता के दिलो पर छाप छोड़ी तथा अपने उच्चाधिकारियों के नेतृव मे कमल किशोर ने एक से बढ़ कर एक गुड वर्क किये तथा कानून व्यवस्था को चाक चैबंद एवं मजबूत बनाकर रखा। इनका कार्यकाल सराहनीय सेवाओ के साथ निर्विवाद रहा है ।और अब जीआरपी थानाप्रभारी नजीबाबाद के रूप में अपनी बेहतर सेवाए प्रधान कर रहें हैं।

# लायंस क्लब बागपत ने शतरंज प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**वेलकम इंडिया**

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। लायंस क्लब के तत्वाधान में नगर के वात्सायन पैलेस में हुई शतरंज प्रतियोगिता 2025 सीजन 1 का रविवार को विधिवत रूप से समापन हो गया। शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान भारत गौरव, द्वितीय जहांगीर अल्वी एवं तृतीय राजीव त्रिखा रहे। जूनियर वर्ग में प्रथम दक्ष कश्यप (क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट स्कूल), द्वितीय आदित्य (गोल्डन गेट स्कूल) तथा तृतीय स्थान पर संस्कार (डीएवी पब्लिक स्कूल) एवं आरोन रॉय (जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल ) रहे। विजेता खिलाड़ियों को एडीजे पवन रॉय द्वारा ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय शर्मा, सचिव विजयपाल यादव, कोषाध्यक्ष परमवीर वर्मा, प्रमोद प्रकाश, राजपाल शर्मा, गजेंद्र सिंह बली, नीरज नैन, महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, राधेश्याम शर्मा, अरुण एडवोकेट, निशान्त वत्स, समीर वत्स, महबूब खान, जितेंद्र कुमार, डॉ महेश शर्मा, अशोक कुशनुर सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर बाइक सवार की मौके पर मौत

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर-** तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार की मौके पर मौत। सड़क हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर घायल हायर सेंटर रेफर। हादसे के बाद सड़क किनारे झाड़ियों में जा टकराई कार, बाइक और कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किया रेस्क्यू, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना छतारी क्षेत्र के गौधा मार्ग पर हुआ सड़क हादसा।





# कपसेठी पुलिस द्वारा नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान 2.0 के तहत छात्राओं को नवीन कानूनों के बारे में दी गई जानकारी

**वाराणसी :-** नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान 2.0 के तहत कपसेठी थाना अंतर्गत क्षेत्र स्थित कस्तूरबा इंटर कालेज में उ0नि0 अभिषेक कुमार तिवारी उ0नि शशांक राय,उ0नि0 करुणा सागर तिवारी,म0उ0नि मेघा सोलंकी के द्वारा छात्र–छात्राओं को वाद संवाद के माध्यम से 1 जुलाई 2024 से लागू नवीन कानूनों के बारे में जानकारी दी गई व नए आपराधिक कानूनों की विशेषताएं जैसे जीरो एफआईआर,ई–एफआईआर,नए अपराध,महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान के बारे में अवगत कराकर जागरूक कर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के वाराणसी के पदाधिकारियों ने प्रयागराज में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का किया भव्य स्वागत

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का प्रयागराज आगमन पर भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर वाराणसी से आए सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रयागराज पहुँचे और उन्होंने फूल- मालाओं,जयघोषों और तिलक-अभिनंदन के साथ उनका स्वागत किया पूरा परिसर जय श्री रामह्व और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठो कार्यक्रम के दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और आस्था को सशक्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक हिंदू को एकजुट होकर कार्य करना होगा उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति पर आए संकटों से निपटने के लिए हमें सामाजिक जागरूकता,संगठन और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता हैं श्री राय ने आगे कहा कि भारतवर्ष का वास्तविक स्वरूप तभी पूर्ण होगा जब यहाँ गौ-संरक्षण को राष्ट्रीय नीति में प्राथमिकता दी जाएगी और देश में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा प्राप्त होगा उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू समाज को अपनी परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को आत्मसात करते हुए हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए शांतिपूर्ण और वैधानिक मार्ग से आगे बढ़ना होगा उन्होंने अपने उद्बोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वासों और विभाजनकारी प्रवृत्तियों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ जब तक हर हिंदू अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान नहीं होगा तब तक वास्तविक उत्थान संभव नहीं उन्होंने कहा इस अवसर पर वाराणसी से गए पदाधिकारी प्रमुख रूप से कृष्णा पांडेय,आशीष पांडेय,ओपी कश्यप,प्रविश पांडेय, अखिलेश कुमार,रवि पांडेय,अंकुर राय,राजेश मौर्या,जफर नकवी,हिमांशु धवल,मनोज कुमार पंकज सिंह,दशरथ कुमार,सत्य प्रकाश,संजय कुमार,नीरज साहू,संतोष कुमार, शक्ति सिंह,अनिकेत कुमार, सौरभ गुप्ता,बबलू पटेल आदि सहित कई अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



# कलयुगी बेटे का खौफनाक तांडव ! पहले मां को जलाया, फिर मामा को हसिए से काट डाला

## शराब के लिए रुपये न देने पर मां को लगाई थी आग, अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान मामा से विवाद में दी दूसरी वारदात

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** कलयुग को शर्मसार करने वाली वारदात में एक बेटे ने रिश्तों को लहूलुहान कर दिया। शराब के लिए रुपये न देने पर उसने एक सप्ताह पहले अपनी मां को आग के हवाले कर दिया था। मां ने शनिवार को उपचार के दौरान दम तोड़ा तो अंतिम संस्कार की तैयारी के बीच आरोपी ने अपने मामा को भी हसिए से काटकर मौत के घाट उतार दिया। दिल दहला देने वाली इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। थाना देवरनिया क्षेत्र के मोहल्ला शादाबाद निवासी कड़ेराम ने बताया कि उनकी बहन सुशीला देवी पत्नी भीमसेन (निवासी पीलीभीत, जमुनिया) पिछले ढाई महीने से उनके पास रह रही थीं। वह मिट्टी के बर्तन बेचकर अपना गुजारा करती थीं। उनका बेटा सोमपाल नशे का आदी था और आए दिन रुपये मांगकर उन्हें परेशान करता था। एक सप्ताह पहले उसने शराब के लिए रुपये मांगे, मना करने पर मां को जलाकर मारने की कोशिश की। सुशीला देवी गंभीर रूप से झुलस गई और शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामा से हुआ विवाद, फिर उतार दिया मौत के घाट परिवार वाले सुशीला देवी का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे कि इसी दौरान सोमपाल का अपने मामा मोतीराम (45) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में भांजे ने पास में रखा हसिया उठाया और मामा पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। मौके पर ही मोतीराम ने दम तोड़ दिया। खून से लथपथ दृश्य देख ग्रामीण सन्न रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सोमपाल को गिरफ्तार कर लिया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मृतका सुशीला देवी के पति की तबीयत लंबे समय से खराब है। घर की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। बेटे की हरकतों से परेशान होकर वह अपने भाइयों के पास आकर रहने लगी थीं। लेकिन नशे में डूबे बेटे ने न सिर्फ उनका सुकून छीना बल्कि उनकी और भाई की जान भी ले ली। पुलिस ने मृतक के भाई कड़ेराम की तहरीर पर आरोपी सोमपाल के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## पुलिस ने किए दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने एसपी के आदेश पर कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तको को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को वांछित, अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के निर्देश दे रखे हैं। कस्बे के शिवालय मार्ग निवासी खुर्शीद के विरुद्ध कई बार स्कूल गया थाने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया था। आरोपी जमानत पर आने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी हाजिरी नहीं लग रहा था कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# जमीन वापिस पाने की आस में किसान नेता का निधन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के धौलाना तहसील क्षेत्र में वर्ष 2006 में गैस आधारित विद्युत परियोजना दादरी प्रोजेक्ट के खिलाफ रिलायंस पावर परियोजना प्रभावित सात गांवों के किसानों द्वारा जमीन बचाने हेतु चलाए गए राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन की सिरमौर रही महाराणा संग्राम सिंह किसान कल्याण समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ किसान नेता धौलाना निवासी डॉ. जयपाल सिंह का 82 वर्ष की आयु में हृदयघात से निधन हो गया।

जिससे क्षेत्र के किसानों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि उक्त आंदोलन में जयपाल सिंह की नेतृत्व स्तर पर अहम भूमिका थी। इस आंदोलन ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई थी। साथ ही तत्कालीन सपा सरकार की चूल हिलाने का काम किया था। मृत्य से पूर्व भी किसान नेता जमीन वापिस पाने के संबंध में ही चिंता ग्रस्त थे।

वर्ष 2004 में अनिल अम्बानी ने धौलाना क्षेत्र के सात गांव बझेड़ा खुर्द, ककराना, जादोपुर, देहरा, धौलाना, कंदौला व बरहमदपुर की 2500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। जिसका मुआवजा तीन सौ रुपये प्रति वर्गगज देने की घोषणा के बाद महज डेढ़ सौ रुपये प्रति वर्गगज की दर से दे दिया गया था। जिसका विरोध वर्ष 2006 में शांतिपूर्वक किसान आंदोलन के रूप में सामने आया। धरनारत किसानों पर लाठी चार्ज कर दिए जाने के बाद यह आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाने लगा। इसी दौरान सैकड़ों किसानों पर थाना पिलखुवा, धौलाना, मसूरी में दो दर्जन फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए। साथ ही सैकड़ों किसानों को जेल भेजा गया था। बाद में हाई कोर्ट ने अधिग्रहण को अवैध बताकर रद कर दिया। इस पूरे आंदोलन की अगुवाई महाराणा संग्राम सिंह किसान कल्याण समिति ने की थी। जिसके डॉ.जयपाल सिंह उपाध्यक्ष एवं थिंक टैंक थे। अब तक भी किसानों के नाम भूलेखों में दर्ज नहीं हो पाए हैं। हालांकि जमीन पर किसानों का कब्जा बदस्तूर चला आ रहा है। भूलेखों में नाम दर्ज कराने के लिए अब भी मुकदमा हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसी सिलसिले में डॉ साहब अक्सर रणनीति बनाते रहते थे। अंतिम सांस तक भी जमीन पाने की आस में थे। लेकिन इससे पहले ही निधन हो गया।

## सार संक्षेप

### सदस्या उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग जनक नंदिनी द्वारा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम 06 नवंबर को

**संतकबीरनगर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र ने सर्वसाधारण को सूचनार्थ अवगत कराया है कि मा0 सदस्या उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती जनक नंदिनी जी की अध्यक्षता में दिनांक 06.11.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा / महिला जनसुनवाई कार्यकम तहसील सभागार-धनघटा, संत कबीर नगर में एवं चिन्हित ग्राम पंचायत में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरूकता चौपाल एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि तहसील सभागार धनघटा संत कबीर नगर में पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याओं का समाधान उक्त जनसुनवाई कार्यकम में उपस्थित होकर पा सकती हैं।

### डीएम द्वारा जनपद स्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य नियन्त्रण कक्ष का 03 नवंबर को किया जाएगा उद्घाटन

**संतकबीरनगर।** जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन०एच०एम० संत कबीर नगर ने बताया है कि दिनांक 03 नवम्बर, 2025 को अपरान्ह 12:45 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी संत कबीर नगर के द्वितीय तल पर स्थित कक्ष सं० 23 में जनपद स्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एम०सी०एच०) नियन्त्रण कक्ष का उ?द्घाटन जिलाधिकारी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एम०सी०एच०) नियन्त्रण कक्ष का हेल्पलाइन नं0- 7398374222 है।

### आत्महत्या करने वाले मृतक के पत्नी को सपा पार्टी का प्रतिनिधि मंडल दिया एक लाख का चेक



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछ्वारोड़।** राजातालाब तहसील परिसर में बीते 22 अगस्त को पेट्रोल छिड़कर आग लगाकर आत्महत्या करने वाले वशिष्ठ नारायण गोंड के घर रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का प्रतिनिधि मंडल मृतक के घर पहुंच मृतक स्व. वशिष्ठ नारायण के पत्नी गीता देवी से मिलकर सहायता राशि हेतु 1 लाख रुपया का चेक दिया।प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री व्यास जी, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़ पहलवान', पूर्व मंत्री श्री प्रकाश राय उर्फ लल्लन राय, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह पटेल, राम सिंह यादव, युवजन सभा प्रदेश सचिव अमन यादव 'अन्नू', कन्हैया राजभर, अमरनाथ यादव, पाखंडी बिन्द, रामसुंदर यादव, मुस्तकीम अंसारी, अनूप नट समेत अन्य लोग रहे।जिलाध्यक्ष ने कहां की समाजवादी पार्टी मृतक स्व. वशिष्ठ नारायण के परिवार के साथ सदैव खड़ी है कोई भी दिक्कत परेशान हो किसी चीज की सहायता की जरूरत पड़े तो परिवार कर लोग बताए मदद किया जाएगा।

### दस दिनों से कुएं में गिरे सियार को रेस्क्यू कर दो घण्टे में निकाला

**कछ्वारोड़।** मिजार्मुराद क्षेत्र के रामसिंहपुर गांव में दस दिन पूर्व एक सियार घूमते हुए जगजीत सिंह के मकान के पास एक पुराने कुएं में गिर गया था।ग्रामीणों को लगा कोई जंगली जानवर रहा होगा गिर कर मर गया होगा।शनिवार को कुएं से आवाज आने पर ग्रामीणों को लगा कि भेड़िया आकर या कोई जानवर गिरा था जीवित है जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिया गया और ये सूचना मिलते ही मिजार्मुराद गौर गांव निवासी रतन कोबरा के नाम से प्रसिद्ध जानवरो की सेवा करने वाले रतन को दिया गया।रतन कोबरा रेस्क्यू करने वाला अपना सामान लेकर पहुंचे और रस्सी के सहारे किसी तरह कुएं से सियार को फसाकर दो घण्टे मेहनत कर के बाहर निकाला।बाहर निकले ही ग्रामीण देखे तो भेड़िया नही सियार था।बाहर रस्सी खुलते ही सियार जंगल की तरफ भाग निकला।

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में सैकड़ों पुलिसकर्मियों एवं स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा




**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन प्रमोद कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटीह्व का भव्य आयोजन किया गया उसी क्रम में लोहता थाना प्रभारी निरीक्षक राज बहादुर मौर्या के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया सैकड़ों पुलिसकर्मियों एवं स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा।

प्रभारी निरीक्षक लोहता राजबहादुर मौर्या के द्वारा बताया गया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और समरसता की भावना को सशक्त करना तथा युवाओं में देशभक्ति और जन-जागरूकता का संदेश फैलाना था।

रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक लोहता राजबहादुर मौर्या, उपनिरीक्षक ऋतुराज मिश्रा, महिला आरक्षी संगीता वर्मा, आरक्षी शशि कला सिंह, आरक्षी रेखा देवी, आरक्षी जया त्रिपाठी और पुरुष आरक्षी ट्रेनिंग सहित थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी की पुलिस टीम शामिल थी।

# हाईवे की मरम्मत की मांग बदहाली पर उठाई आवाज

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पश्चिमांचल विकास परिषद के अध्यक्ष नितिन स्वामी ने रविवार को संगठन पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-709बी सहारनपुर-शामली-बागपत मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह राजमार्ग पश्चिमांचल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाला प्रमुख जीवनमार्ग है, किन्तु वर्तमान में इस पूरे मार्ग पर गहरे गड्ढे होने से राहगीर परेशान हैं तथा वाहन चालकों को प्रतिदिन जोखिम झेलना पड़ रहा है। विशेष रूप से जनपद शामली के एलम क्षेत्र के समीप सड़क की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो चुकी है, जहाँ आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं।

नितिन स्वामी कहा कि जब शासन टोल कर वसूल कर रहा है तो आम जनता को टूटी-फूटी मार्गों पर क्यों चलना पड़ रहा है। यदि रात्रि के समय इन गड्ढों के कारण किसी की दुर्घटना में मृत्यु हो जाए तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

पश्चिमांचल विकास परिषद की ओर से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को औपचारिक चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिनों के भीतर मरम्मत कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया तो परिषद स्वयं इस मार्ग पर मरम्मत कार्य प्रारम्भ कर देगी तथा इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब पश्चिमांचल की जनता चुप नहीं बैठेगी। परिषद आम जनमानस के अधिकारों एवं हितों के लिये प्रत्येक स्तर पर अपनी आवाज बुलन्द करती रहेगी। इस दौरान उनके साथ संगठन के कई लोग मौजूद रहे।

# पीएम मोदी को गाली देने वाला आरोपी गिरफ्तार, माफी मांग रहा हजार बार

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद बहादुरगढ़ थाना पुलिस ने साहब माफ कर दो आगे से पिता गांव में करता है मेहनत मजदूरी, बेटा दें रहा है पीएम मोदी को गाली, जब बहादुरगढ़ पुलिस की पकड़ में आया तो मांगने लगा माफी।ये महाशय प्रधानमंत्री मोदी को गाली दे रहे थे। वीडियो वायरल हुआ तो बहादुरगढ़ पुलिस ने साहब का ढंग से इलाज कर दिया जो आपके सामने है, अपने पैरों से ठीक से चल भी नहीं पा रहा है।पुलिस की करवाई होने के बाद तो ये माफी मांगने लगा।

स्थानीय लोगों के अनुसार ये साहब। नोएडा में रहकर महनत मजदूरी करता हैं।इस वायरल वीडियो को देखते हुए हमें तो बस इतना ही कहना है कि कृपया ऐसा कोई अपराध ना करें। जो संवैधानिक मयार्दाओं को तार तार कर दे। और आपके परिवार को बेवजह परेशानी में डाल दें। एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें उसने पीएम मोदी को गंदी-गंदी गालियां दी थीं, जिसके बाद बहादुरगढ थाना प्रभारी धीरज मलिक ने भी एक्शन ले लिया और अब ये तस्वीर आपके सामने है जिसमें वो हाथ जोड़ कर माफी मांग रहा है।

हापुड़ की बहादुरगढ़ पुलिस ने मुस्लिम युवक को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, गिरफ्तार युवक का नाम मोहम्मद तालिब है, तालिब बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पुष्पावती पुठ का रहने वाला है।पुलिस ने आरोपी तालिब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। अब तालिब अपने पैरों से चल भी नहीं पा रहा है और लोगों से रो रोकर माफी मांग रहा है।

# गली में अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने का लगाया आरोप

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कई लोगों पर रंजिश के चलते मारपीट करने और गली में अतिक्रमण करते हुए अवैध रूप से तिरछी दीवार करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी श्रीनिवास शर्मा पुत्र जनेश्वर शर्मा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही बिट्टू का परिवार पीड़ित के रंजिश रखता है। पीड़ित का आरोप है कि जब पीड़ित अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया हुआ था इसी बीच पड़ोसी बिट्टू ने अपने परिवार के मोनू, राजवीर व मांगा के साथ मिलकर गली में तिरछी दीवार खड़ी कर दी। जिससे पीड़ित को आने-जाने में परेशानी हो रही है। पीड़ित ने विनम्रता से दीवार को सीधी करने को कहा तो आरोप है कि चारों लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी।

पीड़ित ने मामले की सूचना डायलॉग 112 पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। 112 पुलिस जाने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को गांव से निकलने की धमकी देते हुए फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर गली में हो रहे अवैध रूप से निर्माण कार्य को बंद कराने और कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पुलिस की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## पड़ोसी युवक पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पड़ोसी युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रविवार को पीड़िता किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। महिला का आरोप है कि मौके का फायदा उठाते हुए पड़ोस में रहने वाला युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी देर तक जब बेटी वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला ने अपने परिजनों के साथ मिलकर आसपास के क्षेत्रों में बेटी को खंगालने के साथ ही रिश्तेदारों तक फोन मिलाकर जानकारी जुटाई, मगर घंटों तलाश के बाद भी किशोरी का कोई पता नहीं चल सका।

## लोक जनशक्ति पार्टी की वाराणसी जिलाध्यक्ष आरती राय ने

# अचिन्त्य अकैडमी के बच्चों को ठंड से राहत हेतु दिया गर्म वस्त्र

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** लोक जनशक्ति पार्टी एवं वूमेंस स्पिरिट क्रिएशन सोसायटी द्वारा नाटी इमली स्थित अचिन्त्य अकैडमी में बच्चों एवं स्कूल स्टाफ और प्रधानाचार्य स्मृति जायसवाल के साथ केक काटकर मनाया गया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिने चिराग पासवान के जन्मदिन मनाने के उपरांत लोजपा पार्टी की वाराणसी जिलाध्यक्ष आरती राय के द्वारा बच्चों को उल्लेन वस्त्रों का वितरण किया गया और चिराग पासवान के जन्मदिन के अवसर पर उनकी लंबी उम्र की कामना किया।

उक्त अवसर पर डाक्टर प्रीति उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग, सोनी जायसवाल प्रदेश सचिव, गंगा यादव जिला सचिव, गुड़िया रस्तोगी महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राधिका सेठ महानगर महासचिव सहित इत्यादि महिला पदाधिकारियों ने बच्चों को मीठा, ऊनी वस्त्रों का वितरण किया।

# विद्यार्थी परिषद ने 100 कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कर जिला अभ्यास वर्ग किया सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**




**झाँसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झांसी महानगर के पश्चिम जिले द्वारा जिला अभ्यास वर्ग भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर में 6 सत्रों में संपन्न हुआ।

उद्घाट सत्र में एग्रिविजन के प्रांत प्रमुख डॉ अखलेश सिंह जिला संगठन मंत्री आकाश सिंह और महानगर मंत्री उपस्थित रहे। जिसके बाद पहले सत्र में डॉ अखलेश सिंह द्वारा परिषद की सिद्धांत भूमिका के बारे में बताया गया।

दूसरे और तीसरे सत्र में उपस्थित रहे अखिल भारतीय प्रमुख एग्रीविजन विक्रम फर्स्वाण ने परिषद की कार्य पद्धति और आयाम कार्य गतिविधि पर बताया।

चौथा और पांचवां सत्र महानगर मंत्री सुयश शुक्ला द्वारा परिसर कार्य और सदस्यता पर संचालित हुआ। समारोप सत्र में जिला संगठन मंत्री आकाश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित कर वर्ग के समापन की घोषणा की।

इस दौरान प्रांत संगठन राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक विकास शर्मा प्रांत फार्मा विजन संयोजक तेजस प्रताप महानगर सह मंत्री शिवानी यादव बबीना नगर मंत्री नीतू रजक शहर नगर मंत्री सुरभि पांडे माधुरी यादव अक्षांत मिर्जा अभिषेक श्रीवास्तव ऋषि जैन सार्थक शर्मा मूरत पटेल हर्षवर्धन प्रजापति हर्ष साहू प्रिंस दिवाकर सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बृजघाट पर दबंगों का आतंक, पूजा कर रहे पंडित से मारपीट, पूजा सामग्री फेंकी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद की तीर्थनगरी बृजघाट पर बेखौफ दबंगों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को प्रसिद्ध गंगा घाट पर पूजा कर रहे पंडित सतपाल के साथ कुछ दबंग युवकों ने मारपीट की और पूजा का सामान फेंक दिया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश फैल गया है।मिली जानकारी के अनुसार, पंडित सतपाल पिछले 15 वर्षों से बृजघाट के मुख्य घाट पर श्रद्धालुओं के लिए पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान करवाते हैं। रविवार की सुबह जब वे पूजा की तैयारी में लगे थे, तभी तीन-चार युवक वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि युवक नशे में थे। उन्होंने पंडित से अभद्रता की, पूजा का सामान उठाकर फेंक दिया और विरोध करने पर पंडित की पिटाई कर दी।आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने किसी तरह पंडित को बचाया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। यह पूरा घटनाक्रम किसी व्यक्ति के मोबाइल में कैद हो गया और वीडियो के वायरल होते ही घटना ने तूल पकड़ लिया।

पीड़ित पंडित सतपाल ने बताया किमैं वर्षों से घाट पर पूजा कर रहा हूं, आज तक किसी से विवाद नहीं हुआ। लेकिन कुछ दबंगों ने पूजा बिगाड़ी, सामान फेंक दिया और मुझ पर हमला कर दिया। यह शर्मनाक है कि धार्मिक स्थल भी अब असुरक्षित हो गए हैं।पुलिस की कार्रवाईवायरल वीडियो के बाद पुलिस हरकत में आई। गढ़ कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि बृजघाट पर पंडित सतपाल के साथ मारपीट का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस टीम को जांच के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित द्वारा आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है।थाना प्रभारी ने चेतावनी दी है कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का किया आयोजन

**बुलंदशहर।** न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत सोमवार को अनूपशहर क्षेत्र की न्याय पंचायत बिबियाना की खेलकूद प्रतियोगिता जनता आदर्श इंटर कॉलेज ताल बिबियाना के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई जिसका शुभारंभ अभय गर्ग सांसद प्रतिनिधि द्वारा फीता काटकर किया गया। खेल कूद प्रतियोगिताओ में दौड़, कब्बड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो आदि बालक/बालिका वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राजकमल और बेसिक शिक्षा विभाग के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी निम्नलिखित हैं: बालक वर्ग कबड्डी में बौडा की टीम विजेता तथा उपविजेता ककड़िया खेड़ा की टीम रही।100 मीटर बालक वर्ग में प्रथम पंकज द्वितीय स्थान पर शिवम एवं तृतीय स्थान कुशल ने प्राप्त किया 1500 मीटर बालिका वर्ग में खुशी प्रथम मोनिका एवं रश्मि राघव क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही।

# राज्यपाल झारखंड के जन्मदिन के पश्चात भी शुभकामनाओं को देने के लिए लगी कतार



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बरेली से आठ बार के सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार तथा वर्तमान में झारखंड प्रांत के गवर्नर महामहिम संतोष गंगवार 78 साल के हो गए उनके जन्मदिन पर बधाई देने वालों का जमघट रविवार को भी लगा रहा।

रात अचानक बरेली आने का प्रोग्राम होने के कारण उनके चाहने वालों को पता लग गया और सुबह होते ही उनके आवास पर भीड़ लग गई, उनके आवास भारत सेवा ट्रस्ट पर पहुंचाने वालों में विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार, कुर्मी महासभा अध्यक्ष केपी सेन, कानपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रभान, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, भाजपा नेता उदयभानु कटियार, अनिल गंगवार, सभासद रामपाल, शिक्षक नेता राहुल यदुवंशी, पूर्व कृषि मंत्री स्वर्गीय भानु प्रताप सिंह के पुत्र सेनाधिकारी रहे पुरुषोत्तम सिंह, अनिल गुप्ता, शिक्षक नेत्री रश्मि उपाध्याय, रमेश जैन, वीरेंद्र कुमार गंगवार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

अर्बन बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार तथा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरू गंगवार ने कुर्मी महासभा से जुड़े राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार को सरदार पटेल मोटिवेशनल अवार्ड मिलने पर बधाई भी प्रेषित की।

## सार संक्षेप

### 13 केंद्रों पर हुई परीक्षा, 6 हजार में से सिर्फ 2705 पहुंचे, 3295 ने छोड़ दी परीक्षा



वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा रविवार को दूसरे दिन सख्त सुरक्षा और शांति व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। हालांकि, आधे से ज्यादा अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा को छोड़ दिया। शनिवार को जहां 6960 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से मात्र 2932 ने परीक्षा दी थी, वहीं रविवार को भी 6000 में से केवल 2705 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। यानी 3295 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिले में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुबह से ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी केंद्रों पर पहुंचने लगे। केंद्रों पर बेल्ट, जूते और घड़ी तक उतरवाई गई। हर अभ्यर्थी को मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही प्रवेश मिला। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित हुई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार की जाती रही। सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी रही कि किसी भी केंद्र से गड़बड़ी या अनुशासनहीनता की कोई शिकायत नहीं मिली। प्रशासन ने राहत की सांस ली कि भारी अनुपस्थिति के बावजूद परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

### नए आपराधिक कानून का उद्देश्य जनता को शीघ्र व सुलभ नया दिलाना : अरविन्द शर्मा

**संतकबीरनगर।** नए आपराधिक कानूनों को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन कमरे आलम सिद्दीकी ने किया। प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविन्द शर्मा ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य एक ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि सभी के लिए सुलभ और शीघ्र न्याय सुनिश्चित करते हुए कानून के शासन को भी बनाए रखती है। सेमिनार में वरिष्ठ उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने एनसीएल जागरूकता अभियान 2.0 के तहत प्रतिभागियों को 1 जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों –भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान, नए अपराधों की परिभाषा तथा प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से जुड़े नियमों पर विशेष चर्चा की गई। सेमिनार में साइबर ठगी से बचाव के उपायों, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कानूनी जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर कांस्टेबल अरविन्द यादव, रंजन सिंह, चांदनी सिंह, शिक्षक मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद शाहिद, जुबेर अहमद, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, अखिलेश कुमारी, हकीमुल्लाह, मुहम्मद जाहिद, रफी अहमद अंसारी, आरिफ अली, आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक



**वाराणसी।** मिशन शक्ति 0.5 के तहत मिशन शक्ति टीम थाना कपसेठी द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी थानों पर स्थापित नवीन मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090,1930, 1076,112,108,181 आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# बुलेट और 50 हजार न मिलने पर पत्नी का कराया गर्भपात, फिर तीन तलाक देकर घर से निकाला

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** दहेज के लालच में एक और महिला की जिंदगी तबाह हो गई। प्रेमनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला को उसके ससुराल वालों ने बुलेट मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपये न देने पर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति ने दो बार उसका गर्भपात भी कराया और आखिरकार तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर दिया।

पीड़िता ने प्रेमनगर थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उसका निकाह करीब दो साल पहले इज्जतनगर निवासी नदीम पुत्र अनवर मियां से हुआ था। पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर शादी की थी, लेकिन ससुराल वालों की नजर सिर्फ दहेज पर थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद पति नदीम, देवर, नंद और नंदोई ने उस पर बुलेट और पचास हजार रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब पिता ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कुछ नहीं दिया, तो ससुरालियों ने मारपीट और मानसिक प्रताड़ना शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि पति नदीम ने दवा खिलाकर दो बार उसका गर्भपात कराया। 27 अगस्त को पति, देवर और देवरानी ने मिलकर उसकी पिटाई की और घर से निकाल दिया। जब वह अपनी नंद के घर मदद मांगने पहुंची, तो नंद और नंदोई ने उल्टा पति से कहा कि इसे तलाक दे दो। उसी वक्त नदीम ने तीन तलाक देकर उसका रिश्ता खत्म कर दिया। पीड़िता ने परिजनों को पूरी घटना बताई। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम से शिकायत की। आदेश मिलने पर प्रेमनगर पुलिस ने पति नदीम, देवर, देवरानी, नंद और नंदोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रेमनगर इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रानी झांसी की जयन्ती पर

# गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा सदर बाजार में महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा तले



वेलकम इंडिया

**झांसी।** मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में इंजी. पी एन गुप्ता की अध्यक्षता व राष्ट्रीय कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य में आज एक बैठक रानी झांसी के जन्म दिन उनको नमन करने हेतु अध्यक्ष जी के निवास पर आहूत की गयी।

रानी लक्ष्मीबाई झांसी की जयन्ती पर पूर्व वर्षों की भांति छावनी परिषद झांसी कैंट के सहयोग से उनकी प्रतिमा तले विश्व विख्यात रानी को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। कोर कमेटी चेयर मेन डॉ ध्रुव सिंह यादव ने बताया मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में पिछले वर्षों की तरह 19 नवम्बर से पूर्व अधिकतर विद्यालयों में रानी झांसी स्वरूप प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यालय स्तर पर विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ रानी का चयन किया जाना एवं 19 नवम्बर को चयनित सभी रानियों में से झांसी की रानी का चयन करने के साथ द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार हेतु विद्यालयों से चयनित रानी लक्ष्मीबाई झांसी के स्वरूपों के मध्य फाइनल प्रतियोगिता आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस अवसर पर डॉ डी एस गुप्ता, रन्जना उपाध्याय, सुमन गुप्ता, कु. मोक्षिता, पूर्व अध्यक्ष सुनील सक्सेना, इंजी. पुरूषोत्तम गुप्ता, रामाधीन यादव, राजेश कुमार अग्रवाल, अभिषेक देव आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया आयोजन

**बुलंदशहर।** रविवार को भारतीय बौद्ध महासभा (पंजीकृत), उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में एवं युवा एवं बाल विकास समिति द्वारा जनपद बुलंदशहर में डॉ. भीमराव आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता झ 2025 का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ।इस प्रतियोगिता में जनपद बुलंदशहर के खुर्जा, सिकंदराबाद, जैनपुर, अनूपशहर, बिवयाना सहित कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 1900 परीक्षार्थियों (जूनियर एवं सीनियर वर्ग) ने प्रतिभाग किया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे समयानुसार किया गया, परीक्षा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में डॉ. आंबेडकर के जीवन संघर्षों, विचारों, संविधानिक ज्ञान एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति रुचि एवं समझ विकसित करना है।

# वृंदावन धाम में संपन्न हुआ भव्य रुद्राभिषेक महायज्ञ शिवमय वातावरण में गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष

वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी



**वृंदावन।** कार्तिक मास की पावन बेला में तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का आज फोगला आश्रम में भव्य समापन हुआ। पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी के पावन सानिध्य तथा परम पूज्य गुरुदेव पं. देव प्रभाकर शास्त्री ह्यदद्दा जीह्न और पूज्य गुरु माता जिज्जी की कृपा से यह आयोजन शिव भक्ति, साधना और अध्यात्म का अद्भुत संगम बना।

समापन दिवस पर प्रातः काल से ही हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा परिसर गूंज रहा था। श्रद्धालुओं ने सैकड़ों पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक में भाग लिया। महायज्ञ के उपरांत सभी पार्थिव शिवलिंगों का श्रद्धापूर्वक यमुना नदी में विसर्जन किया गया, जिससे पूरी भूमि शिवभक्ति और श्रद्धा से आलोकित हो उठी। इस अवसर पर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भंडारे में सम्मिलित होकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।

अपने आशीर्वचन में डॉ. अनिल शास्त्री जी ने कहा कि शिव आराधना केवल पूजा का कर्मकांड नहीं, यह आत्मशुद्धि और परमात्मा से जुड़ने का मार्ग है। जब मनुष्य शिव से एकाकार होता है तो उसके भीतर की नकारात्मकता समाप्त होकर जीवन में प्रकाश, प्रेम और शांति का संचार होता है। शिव ही सत्य हैं, शिव ही साधना हैं और शिव ही सृष्टि का आधार हैं।

समापन अवसर पर डॉ. अनिल शास्त्री जी ने आगामी प्रयागराज संगम नगरी माघ मेला 2026 की तैयारियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस माघ मेला में भक्ति, संगठन और सामूहिक सेवा के माध्यम से समाज में अध्यात्म और एकता का संदेश फैलाने का विशेष प्रयास किया जाएगा।

तीन दिवसीय महायज्ञ के दौरान देशभर से आए श्रद्धालुओं, भक्तों और संतों ने भक्ति, साधना और सेवा का अद्भुत अनुभव किया। समापन के साथ ही वृंदावन की पवित्र भूमि शिवमय भाव और आध्यात्मिक आलोक से परिपूर्ण हो उठी।

# फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट से ठगी और बदनाम करने की साजिश

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर ठगी और बदनाम करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ताजा मामला थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र का है, जहाँ एक युवती के नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर न केवल उसके रिश्तेदारों और जानने वालों से पैसे मांगे बल्कि न देने पर उन्हें अपमानित और भड़काने का काम किया।

पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में बताया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर उनके रिश्तेदारों और परिचितों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। इसके बाद उस अकाउंट से कई लोगों से पैसे की मांग की गई। जब लोगों ने पैसे देने से इंकार किया तो उस व्यक्ति ने गलत भाषा और गालियों का इस्तेमाल किया। युवती ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर (75058) का भी दुरुपयोग किया गया और उनके परिचितों के नाम से नए फर्जी अकाउंट बनाकर अन्य लोगों को भड़काने का काम किया गया। पीड़िता ने कहा कि अब कुछ लोग उनके घर तक पहुंचकर धमकियां दे रहे हैं और कह रहे हैंश्तुम्हें देख लेंगे।ह्व इससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। शिकायत पर साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि फर्जी अकाउंट से संबंधित तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आरोपी की कढ लोकेशन ट्रेस की जा रही है। एसएसपी के आदेश पर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पड़ोसी करते हैं दरवाजे पर अश्लील हरकतें, रात में देखते हैं गंदी फिल्में

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे न केवल उसके घर के दरवाजे पर देर रात तक बैठकर अश्लील हरकतें करते हैं, बल्कि घर के अंदर झांककर महिलाओं की वीडियो बनाते हैं और गालियां देते हैं। पीड़िता ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए थाना सुभाषनगर में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरवा बब्बन खां निवासी माहिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोसी साहिल पुत्र अकील, साजिद पुत्र बादशाह, समद पुत्र शाहिद, आफताब पुत्र आस मोहम्मद तथा दो-तीन अन्य अज्ञात युवक आए दिन उसके घर के दरवाजे पर बैठ जाते हैं। महिला का कहना है कि उसके घर में उसकी सास, ननंद और आंटी भी रहती हैं। इसके बावजूद ये युवक महिलाओं पर गलत नजर रखते हैं, कमरे के अंदर झांकते हैं और मोबाइल से वीडियो बनाते हैं। मना करने पर अभद्रता करते हैं और धमकाते हैं कि जान से खत्म कर देंगे। पीड़िता ने बताया कि यह हरकतें सिर्फ एक दिन की नहीं, बल्कि लगातार चल रही हैं। आरोपी रात एक बजे तक दरवाजे पर बैठकर गाली-गलौज करते हैं और अश्लील फिल्में देखते हैं। उसने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। थाना सुभाषनगर पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डॉ. अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 2550 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा – हापुड़ के 12 परीक्षा केंद्रों पर हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




**हापुड़।** युवा एवं बाल विकास समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में तथा भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश शाखा के अंतर्गत डॉ. अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश भर में किया गया।जनपद हापुड़ में यह परीक्षा 12 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई, जिसमें कुल 2550 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता के संचालन में लगभग 200 सहयोगियों ने निस्वार्थ भाव से योगदान दिया।

भारतीय बौद्ध महासभा की टीम ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।मुख्य परीक्षा केंद्र शांति स्वरूप कृषि इंटर कॉलेज हापुड़ पर प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी भाई विपिन कुमार दीवान ने किया। इस अवसर पर ए.के. कर्दम (बीएसपी जिलाध्यक्ष), अजीत सिंह एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा की जिला टीम में प्रमुख रूप से राजेंद्र सिंह कश्यप (जिला अध्यक्ष), बी.डी. संगम, करण सिंह अचार, महेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, गंगाराम रूसो, सी.पी. सिंह, सुरेंद्र गौतम, हीरालाल, रवीश राही, देवेंद्र सिंह, नीरज सिंह, कमला बौद्ध, संतोष कस्सप, शारदा रानी, संगीता बौद्ध डॉक्टर, लक्ष्मण सिंह, चंद्रपाल, गुलवीर सिंह, लोकेश वरुण, वीरेंद्र सिंह गढ़ सहित अनेक कार्यकताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। मीडिया प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर कवरेज किया।जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कस्सप ने सभी सहयोगी टीम, परीक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता की सफलता के लिए बधाई दी और सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रोटरी फाउंडेशन सेमिनार अर्पण 2025 वाराणसी में भव्य रूप से हुआ सम्पन्न




**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा संयोजित मंडल 3120 के वार्षिक रोटरी फाउंडेशन सेमिनार 2025 का आयोजन रविवार को कैंटोनमेन्ट क्षेत्र स्थित होटल सूर्या वाराणसी में अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ इस संगोष्ठी में 40 जिलों के 350 से अधिक रोटरी सदस्य शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी मंडलाध्यक्ष रो.डॉ. आशुतोष अग्रवाल एवं क्लब अध्यक्ष रो.राजेश भाटिया को कॉलरिंग एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ किया गयो अपने स्वागत उद्बोधन में सेमिनार चेयरमैन रो.अनिल के.जाजोदिया ने कहा कि रोटरी फाउंडेशन केवल दान की परंपरा नहीं, बल्कि संवेदना और सेवा की संस्कृति है जो समाज में विश्वास और विकास दोनों जगाती है सेमिनार के मुख्य अतिथि मुंबई से पधारे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक व फाउंडेशन ट्रस्टी रो.अशोक महाजन ने रोटरी फाउंडेशन की वैश्विक परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि रोटरी फाउंडेशन ने विश्व में शांति, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में जो परिवर्तन लाया है वह सच्चे मानवीय सहयोग का उदाहरण है उन्होंने बताया कि यह स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा दुनिया का सबसे बड़ा सेवा कार्य है सिलीगुड़ी से आये रीजनल रोटरी फाउंडेशन चेयरमैन रो.देवाशीष दास ने फाउंडेशन के विभिन्न योगदान स्वरूपों और पारदर्शी प्रक्रिया की जानकारी दी और सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया डिस्ट्रिक्ट फाउंडेशन चेयरमैन रो.सतपाल गुलाटी ने फाउंडेशन की वार्षिक योजनाओं और ग्रांट्स पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

सेमिनार में विभिन्न विषयों पर प्रेरक सत्र आयोजित किए गए जिनमें रोटरी ग्रांट्स व एंडोमेंट फंड, ग्लोबल ग्रांट अनुभव साझा, सेवा में पारदर्शिता और सशक्तिकरण, साइबर अपराध जनजागरण आदि प्रमुख रहे और इनका संचालन पूनम गुलाटी, दिनेश गर्ग, वी.एन.सिंह ने किया।

# शिप पलटने से लापता हुए मर्चेंट नेवी कर्मी का शव बरामद हुआ

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** गरुड़ क्षेत्र के कौलाग निवासी नंदन सिंह मर्चेंट नेवी में एक शिप में कार्यरत थे जहां शिप पलटने से वे कई दिन से लापता थे।सूचना के बाद क्षेत्र में उनकी कुशलता की कामना की जा रही थी।जहां काफी मस्ककक्त के बाद उनका शव बरामद हुआ।मृतक नन्दन के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन हेतु उनके गांव लाया गया। 16 अक्टूबर से साउथ अफ्रीका के मोजांबिक बेरापोर्ट में शिप पलटने से थे मिसिंग थे। जिसके बाद उनका शव मिलने पर भारतीय एम्बेसी द्वारा उनके पार्थिव शरीर को उनके घर पहुंचाया गया।जहां रविवार को बागेश्वर घाट में सैकड़ों लोगों के बीच मृतक की अंत्येष्टि हुई। नंदन सिंह दोसाद के परिजनों से स्कॉर्पियो सी क्वेस्ट कंपनी के कर्मचारियों ने मुलाकात कर पारिवारिक सांत्वना तथा संपूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। परिजनों में मचा कोहराम।

स्कॉर्पियो सी क्वेस्ट कंपनी के कर्मचारी दिनेश कठायत व रोजिना, मृतक नंदन सिंह का पार्थिव शरीर लेकर कौलाग पहुंचे। नंदन सिंह का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। नंदन सिंह की माँ, पत्नी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

मृतक नंदन सिंह के मासूम बच्चे बड़ा पुत्र ऋतिक व छोटा पुत्र भावेश पिता के घर आने का इंतजार कर रहे थे। रविवार को मृतक का पार्थिव शरीर घर पहुंचने की खबर मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मृतक के घर पहुंचे। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहुमी, कौसानीजिपं सदस्य और व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, ग्राम प्रधान आदि सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने मृतक के परिजनों को सांत्वनादेते हुए मृतक की आत्मा की शांति की कामना कर घटना पर शोक जताया। मृतक का अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज से सरयू गोमती के पावन तट पर किया गया।

# मंगलाभिषेक के बाद श्रृंगार दर्शन कर भक्त हुए भाव विभोर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** जन-जन के आराध्य गिरिराज प्रभु का मंगलाभिषेक के बाद हुए श्रृंगार के दर्शन कर भक्त भाव विभोर नजर आए। भगवान कृष्ण की प्रमुख लीलास्थली गोवर्धन में देवोत्थान एकादशी पर भक्ति की धारा प्रभावित हुई। गिरिराज नगरी में रविवार को भक्ति की धारा में प्रभावित हुई। तलहटी के दानघाटी मंदिर में गिरिराज जी के मंगला बेला में किए पंचामृत के महाअभिषेक व शाम की बेला में हुए फूल बंगले के दर्शन के लिए भक्त भावुक दिखाई दिए। गिरिराज प्रभु की छवि को भक्त अपलक निहारते रहे।

दानघाटी मंदिर के सेवाधिकारी मथुरा दास कौशिक लाला पंडित के सानिध्य में गिरिराज जी का मंगला बेला में गाय के दूध, दही, घी, शहद व मानसी गंगा के जल से अभिषेक किया गया। गिरिराज के अभिषेक के बाद इत्र लगाकर मालिश की गई। मंगला बेला की तुलसी दल के साथ पोशाक धारण कराई और आरती उतारी गई। इस अवसर पर सेवाधिकारी लाला पंडित ने बताया कि बालकृष्ण स्वरूप में गिरिराज देव की पूजा है।

बाल्यभाव में गिरिराज प्रभु को सुबह की बेला में प्रेम पूर्वक जगाकर मंगलाभिषेक किया जाता है। सांय बेला में गिरिराज महाराज श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाकर पोशाक धारण, हाथ में बांसुरी और सिर पर मुकुट धारण किया जाता है। सेवायत पवन कौशिक ने प्रभु के मनोरथ में भव्य फूल बंगला सजाकर छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया।

इस दौरान मंदिर प्रांगण में प्रभु के दर्शन को भक्तों की कतार लगी रही। आयोजन के दौरान जगदीश प्रोहित, मोनू प्रोहित, कन्हैयालाल शर्मा, सतीश कौशिक, मीनालाल पुजारी आदि मौजूद रहे।

# नगर कांग्रेस कमेटी पिलखुवा की बैठक संपन्न



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ पिलखुवा।** 2 नवंबर 2025 को दोपहर 3:00 बजे नगर कांग्रेस कमेटी पिलखुवा के मुख्य कार्यालय पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी ने की।सभा में नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई।इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष मदन सिंह चौहान ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए संगठन के कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की।सभा में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वार्ड में अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों का चयन एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इसके उपरांत एक विशेष सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहकर सभी को पदानुसार प्रमाणपत्र वितरित करेंगे।सभा में प्रमुख रूप से रजनीश त्यागी, मदन सिंह चौहान, सुधीर शर्मा, आदेश शर्मा, जयपाल आर्य, मोहम्मद परवेज, एडवोकेट फुरकान, एडवोकेट गुलफाम, योगेश शर्मा, छुट्टन मेंबर, वीरेंद्र शर्मा, महराज, सुहैल, साजिद, आमिर, रफीक, मूलचंद सक्सेना सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# कार्तिक मास के अंतिम तीन दिनों का विशेष महत्व – स्नान, दान, दीपदान और पूजन से मिलता है सम्पूर्ण शुभ फल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** काशी भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष पंडित के. सी. पाण्डेय (काशी) ने बताया कि कार्तिक मास के अंतिम तीन दिन – त्रयोदशी, चतुर्दशी और पूर्णिमा – अत्यंत शुभ एवं फलदायी माने गए हैं। जो व्यक्ति पूरे महीने व्रत, स्नान, दान या दीपदान नहीं कर पाते, वे यदि इन तीन दिनों में श्रद्धा भाव से गंगा स्नान, हवन, पूजन, दीपदान और ब्राह्मण भोजन करते हैं, तो उन्हें पूरे कार्तिक मास का पुण्य प्राप्त होता है।उन्होंने बताया कि 3 नवम्बर (सोमवार) की त्रयोदशी को सोम प्रदोष, हर्षण योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस दिन गंगा स्नान के बाद भगवान शिव और श्रीहरि विष्णु का पूजन विशेष फलदायी रहेगा। वहीं 4 नवम्बर की चतुर्दशी (बैकुंठ चतुर्दशी) को सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संगम होने से यह दिन अत्यंत शुभ रहेगा। इस दिन प्रदोष काल में दीपदान और आकाशदीप का विशेष महत्व बताया गया है।पंडित पाण्डेय ने कहा कि पूर्णिमा तिथि 5 नवम्बर को देव दीपावली और गुरुनानक जयंती के साथ भगवान श्री सत्यनारायण की कथा करना चाहिए। इस दिन व्रत रखकर ब्राह्मण भोज, वस्त्र दान और दीपदान करने से कार्तिक मास का सम्पूर्ण पुण्य प्राप्त होता है।उन्होंने बताया कि गीता पाठ से अश्वमेध यज्ञ का फल और विष्णुसहस्त्रनाम के पाठ से सभी पापों का नाश होता है। जो व्यक्ति इन तिथियों में गंगा स्नान नहीं कर पाते, वे घर में गंगाजल मिलाकर स्नान कर मंदिर में दीपदान करें। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं युधिष्ठिर को गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक शुक्ल पक्ष में स्नान और दीपदान करने का उपदेश दिया था, जिसके फलस्वरूप उनके पितरों को मोक्ष प्राप्त हुआ।

# सच्ची पूजा वही है जो मानवता की सेवा से जुड़ी हो : जगद्गुरू पीपादाचार्य बलरामदास देवाचार्य

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जगद्गुरू पीपादाचार्य बलरामदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि सच्ची पूजा वही है जो मानवता की सेवा से जुड़ी हो। किसी व्यक्ति की दृष्टि लौटाना केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि उसके जीवन में आशा और आत्मबल का संचार करना है। यह कार्य ईश्वर की उपासना के समान है। नेत्र ही जीवन का दीपक हैं। जब किसी व्यक्ति की आँखों में पुनः प्रकाश आता है, तो वह केवल देखता ही नहीं, बल्कि जीवन को नए अर्थों में समझने लगता है। इस प्रकार के शिविर समाज में करुणा और सहयोग का प्रतीक हैं, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य को सेवा के रूप में निभाता है। यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के सौजन्य से तथा करुणानिधान सेवा ट्रस्ट, कोलकाता के सहयोग से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन



रोड, मथुरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी आनन्द अग्रवाल ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान ने नेत्र चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में जो संवेदनशीलता और समर्पण प्रदर्शित किया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। संस्था जरूरतमंदों के जीवन में उजाला लाने का कार्य कर रही है, जो सच्चे अर्थों में समाजसेवा है। हमें गर्व है कि मथुरा जैसी पुण्यभूमि से यह सेवा मिशन निरन्तर आगे बढ़ रहा है।कल्याण दास अग्रवाल (बृजवासी) ने कहा कि संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा और उनकी टीम जिस समर्पण और निष्ठा से कार्य कर रही है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने जिस भाव से जरूरतमंदों तक चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाई हैं, वह समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुझे विष्वास है कि इस संस्थान का यह मानवीय प्रयास आने वाले समय में और भी अधिक लोगों के जीवन में प्रकाश लाएगा।

कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से आये कुल 3,407 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 1100 नेत्र रोगियों की शल्य चिकित्सा विषेष चिकित्सीय टीम द्वारा की गई। सभी रोगियों के लिए दवा, चश्मा, भोजन, पलंग-बिस्तर आदि की समस्त व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क की गई। उन्होंने आगे कहा कि ह्लकल्याणं करोति नेत्र संस्थान का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक कारणों से अपनी दृष्टि से वंचित न रहे।

# साधुबेला मन्दिर मे विश्वमागल्य सभा के धर्म संस्कृति शिक्षा विभाग काशी प्रान्त द्वारा तुलसी विवाह का किया गया आयोजन

**वाराणसी।** साधुबेला मन्दिर मे विश्वमागल्य सभा के धर्म संस्कृति शिक्षा विभाग काशी प्रान्त द्वारा तुलसी विवाह का आयोजन किया गया इस आयोजन मे पचास महिलाओं ने अपनी सामुहिक भागीदारी निभाई पूरे वैदिक विधि द्वारा विवाह संपन्न हुआ काशी प्रान्त संयोजिका सुनिती शुक्ला, पुष्पा दीक्षित कान्ति दिक्षित डा.संध्या ओझा, सरोज शुक्ला, वंदना दूबे, चिन्ता ओझा, डा.माधुरी पांडेय, कंचन दूबे, सरोज सिह, रमा तिवारी डा.सुमन सिह, सरोजनी महापात्रा, डा.रागिनी, डा.अनुराधा, अजली मिश्रा, सुषमा शुक्ला, रेखा, जयन्ती जायसवाल, मीरा मिश्रा, विभा पाडेय, नीलम मिश्रा सहित इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# नौका विहार के साथ हुआ चंद्रोदय मंदिर के त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का भव्य समापन



**मथुरा/वृन्दावन।** चंद्रोदय मंदिर में चल रहे त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का समापन रविवार को नौका विहार महोत्सव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के श्रीविग्रह को पालकी शोभायात्रा के माध्यम से मंदिर प्रांगण स्थित कल्याणी तक लाया गया, जहाँ उन्हें नौका रूपी कुंज महल में विराजमान कर नौका विहार कराया गया। ठाकुरजी के इस अलौकिक एवं मनोहर नौका विहार दर्शन का दृश्य देखते ही बनता था। भक्तों ने नौका, कल्याणी तथा मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के पुष्पों से भव्य रूप से सजाया। पुष्पों से सुसज्जित नौका पर विराजमान श्री राधा वृन्दावन चंद्र के दर्शन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। हर ओर ₹राधा वृन्दावन चंद्र की जय !₹ के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायमान रहा। शयन आरती के दौरान भक्तों ने दामोदर अष्टकम का सामूहिक गान किया तथा दीपदान कर ठाकुरजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर इस्कॉन बैंगलोर के विभिन्न केंद्रों से आए भक्तगणों सहित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और अन्य राज्यों से भी सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने नौका विहार महोत्सव को दिव्य, अद्भुत और अविस्मरणीय बताया।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का चौथा दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से हुआ सम्पन्न

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**







**वाराणसी।** सिद्धपीठ श्री जागेश्वर महादेव मन्दिर ईश्वरगंगी नरहरपुरा में 29 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक सरस कथा वाचक पं.राजेश जी व्यास के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन कलश यात्रा 29 अक्टूबर को प्रातः आठ बजे से प्रारम्भ किया गया। कथा में मुख्य यजमान शारदा महेश त्रिवेदी, बीना शर्मा, सीमा शर्मा एवं सपरिवार उपस्थित रहे। कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए सरस कथा वाचक पं.राजेश जी व्यास के द्वारा श्रीकृष्ण के जन्म पर कथा का वर्णन किया गया। कथा पांच नवम्बर को पूणार्हुती एवं महाप्रसाद भण्डारा का आयोजन किया जायेगा।

कथा में आयोजक बसंती व्यास, निवेदक बसंती व्यास, शारदा त्रिवेदी, महेश त्रिवेदी, शशांक त्रिवेदी, शांभवी त्रिवेदी, सीमा शर्मा, वीणा पंचारिया सहितइत्यादि लोग शामिल रहे ।

# जामिया ईमानिया मुकीमगंज में सेमिनार का किया गया आयोजन : एस० मनाजिर हुसैन मंजू

**वाराणसी।** पंद्रह सौ सालह जश्ने विलादत सरकारे खतमी मर्तबत, रसूले आजम, हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स०अ०) पर मोमिनीने बनारस की जानिब से एक अजीमुश्शान जश्न 2 नवम्बर 2025 रविवार को जामिया ईमानिया मुकीमगंज में आयोजित हुआ जश्न इंतेजामिया कमेटी के कन्वेनर एस० मनाजिर हुसैन मंजू ने बताया की रसूले अकरम की विलादत को पंद्रह सौ साल होने की याद में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें हिंदुस्तान के मशहूरो मारूफ ओलेमा, मौलाना काजी मो० अस्करी जैदी दिल्ली, मौलाना नाजिम अली खैराबादी, मौलाना सैय्यद जमीरुल हसन, मौलाना फिरोज अली, प्रोफेसर इराक रजा जैदी, डॉक्टर सैय्यद कमर अब्बास, जौनपुर आदि रसूले अकरम (स०अ०) की जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# टांडा-बाजपुर मार्ग पर बदमाशों ने युवक से लूटी बाइक, पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया**

**टांडा (रामपुर)।** शनिवार रात टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर बदमाशों ने युवक से तमंचे के बल पर स्प्लेंडर बाइक लूट ली।पुलिस पीड़ित से घटना की जानकारी करने के साथ ही विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

ग्राम मंझरा शीला, गदरपुर (उत्तराखंड) निवासी जुगनू ने बताया कि उसका बेटा अनुज बाजपुर-दोहरा स्थित होटल उड़प्पीवाला में सिक्योरिटी गार्ड है। शनिवार रात ड्यूटी खत्म कर वह अपने दादा-दादी से मिलने ग्राम पीपली नायक जा रहा था।

जुगनू के मुताबिक रात करीब साढ़े दस बजे जब अनुज टाण्डा-दढ़ियाल मार्ग पर स्थित त्रिवेणी शुगर मिल के पास चूनामणि चौराहे से महमूदपुर जाने वाले रास्ते पर पहुंचा, तभी झाड़ियों में छिपे तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उसकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने डराते-धमकाते हुए नई स्प्लेंडर बाइक छीन ली और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

डरे सहमे अनुज ने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों के मुताबिक, जिस बाइक को दस दिन पहले ही खरीदा गया था।

परिजनों का कहना है कि पुलिस अनुज से पूछताछ करने के साथ ही विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।समाचार भेजे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

उधर, ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

# पुलिस ने सोनू शूज स्टोर चोरी का किया खुलासा, हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सोनू शूज स्टोर में घटित चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना सिम्भावली पुलिस टीम ने अभियुक्त को आरएसके इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 04 जोड़ी जूते बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बालिका से नकाबपोशों की हैवानियत, कुए पर कपड़े धो रही थी उठा ले गए तीन युवक

**हरवीर सिंह/वेलकम इंडिया**


**मथुरा/सोंख।** थाना मगोर्रा के गांव जंगली में सोमवार के शाम को बाइक सवार तीन नकाबपोशों ने 12 साल की बालिका को उठाकर ले जाने के बाद हैवानियत की। उसके मुंह में कपड़ा ठूस दिया उसके बाद भाग गये। घटना से ग्रामों में आक्रोश फैल गया पुलिस ने बालिका का मेडिकल कराया है आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना स्थल पर एसपी क्राइम एस पीआरए ने पहुंच कर जानकारी ली, ग्रामीणों ने बताया कि शाम 5:00 बजे गांव के अंशु जाति के 1 मजदूर की दो बेटियां कुएं पर कपड़े धो रही थी। गांव के बाहर होने के कारण वहां आवाजाही आई कम है शाम को बड़ी बहन कपड़े धोकर घर आ गई छोटी बहन को कुएं पर कपड़े धोते हुए छोड़ गई। बालिका के परिजनों ने बताया कि तभी वहां पर तीन बाइक सवार युवक आ गए पीने का पानी मांगा इसके बाद उसे जबरन गांव के एक धर्म स्थल में ले गए वहां उसके मुंह में कपड़ा ठूस कर हैवानियत की गई। शाम को साइकिल पर मजदूररों को लौटता देखकर बाइक सवार भाग निकले। राहगिरो को देखकर बालिका बाहर निकाली और उसने घटना की जानकारी दी। इसके बाद एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा सीओ अनिल कुमार सिंह ने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसपी आर ए सुरेश चंद्र रावत ने टीमों का गठन कर दिया है उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान करने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है जल्दी आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

# वाराणसी में बलिया बाटी चोखा रेस्टुरेंट का शुभारंभ

**वाराणसी।** काशीवासियों के लिए खुशखबरी पहड़िया क्षेत्र में मैक्स के बगल में वाराणसी का पहला बलिया बाटी चोखा रेस्टुरेंट शुरू किया गया है रेस्टुरेंट का भव्य उद्घाटन अम्बरीष सिंह भोला ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अम्बरीष सिंह भोला और विशिष्ट अतिथि के रूप में शांतनु राय उपस्थित रहें हरिओम चौबे और रिपु तिवारी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। रेस्टुरेंट के ओनर हरिओम चौबे ने बताया कि यह रेस्टुरेंट बनारस में उनकी पहली पहल है जिसका उद्देश्य लोगों को शुद्ध देशी स्वाद का अनुभव कराना है उन्होंने कहा हमारे यहाँ खाने में शुद्धता की पूरी गारंटी है हर डिश में घर जैसा स्वाद और पारंपरिक तरीका अपनाया गया है।

# योगेश, देवांशी, अनिल व खुशबू ने जीती मैराथन दौड़

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर यहां युवा कल्याण विभाग के के तत्वावधान में क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित हुई। जिला कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता योगेश, देवांशी, अनिल व खुशबू ने जीती। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

रविवार की सुबह भागीरथी बायपास से से दौड़ शुरू हुई। जिसका समापन बीडी पांडे कैंपस गेट पर हुआ। 14 से 17 आयु वर्ग बालक वर्ग में योगेश प्रथम, नवनीत द्वितीय तथा त्रियांशु तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में देवांशी प्रथम, मान्यता द्वितीय तथा हिमानी तृतीय रही। ओपल बालक वर्ग में अनिल कुमार कुमार प्रथम, रोशन कुमार द्वितीय तथा लक्ष्मण कुमार तृतीय हरे, जबकि बालिका वर्ग में खुशबू आर्य प्रथम, वर्षा आर्या द्वितीय तथा इलमा तृतीय रही। आयोजकों ने बताया कि 14 से 17 वर्ष की दौड़ आठ किमी, जबकि ओपन दौड़. दस व आठ किमी की थी। मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा, निदेशक डेयरी विभाग ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर पूनम मेहता, राजेंद्र सिंह, गणेश धपोला तथा नीरज पांडेय आदि मौजूद रहे।

# मोदी कॉलेज के छात्रों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विधायक द्वारा सम्मानित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद की चार छात्रों का भारत विकास परिषद मोदीनगर द्वारा आयोजित एक समारोह में भारत को जानो प्रतियोगिता में जूनियर सीनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया समारोह की मुख्य अतिथि शहर की लोकप्रिय विधायक डॉ मंजू शिवॉच जी और भारत विकास परिषद के अध्यक्ष खेमराज आर्य व संरक्षक डॉक्टर पवन अग्रवाल जी और डॉक्टर कपिल शर्मा ,पूर्व मंत्री श्री राम किशोर अग्रवाल जी ने संयुक्त रूप से छात्रों को सम्मानित किया साथ में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद् अग्रवाल जी और विद्यालय के शिक्षक श्री राजीव कुमार को भी पटका पहनकर सम्मानित किया यह परीक्षा पिछले महीने अक्टूबर में विद्यालय में आयोजित की गई थी जिसमें विद्यालय के 860 छात्रों ने प्रतिभाग कर जनपद में रिकॉर्ड स्थापित किया था।

सम्मानित होने वाले छात्रों में सीनियर वर्ग के छात्र ध्रुव कक्षा 11 और अतुल कुमार कक्षा 10 तथा जूनियर वर्ग में आर्यंस और वेदांत त्यागी कक्षा 8 ने इस प्रतियोगिता में विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस समारहो में विभिन्न विद्यालयों में जूनियर में सीनियर वर्ग में उत्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया और उन्हीं छात्रों का एक प्रश्न मंच आयोजित किया गया जिसमें इस विद्यालय के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया इस प्रश्न मंच में सफल होने वाले प्रथम दो छात्र-छात्राओं को आगे प्रदेश स्तर के प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में भारत की संस्कृति भारतीय इतिहास, प्राचीन भारतीय परंपराओं ,आधुनिक भारत की विशेषताएं, प्राचीन भारत आदि से परिचित कराना है जिससे आज का युवा दूर होता जा रहा है। इस विद्यालय के छात्र ऐसी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करते हैं इस अवसर पर एम एम पीजी कॉलेज मोदीनगर के प्राचार्य डॉक्टर दीपक अग्रवाल जी पी वी ए एस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री श्यामलाल परिषद के संरक्षक डॉक्टर कपिल शर्मा, सचिव श्रीमती शिवानी शर्मा, डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल जी, संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष श्री सुनील गोयल आदि उपस्थित रहे।

## हनुमान मंदिर पर जागरण विशाल भंडारे का आयोजन

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव किसोला में शेखर त्यागी ने खाटूश्याम का जागरण व विशाल भंडारे का आयोजन किया। जानकारी के अनुसार किसोला निवासी शेखर त्यागी ने बताया कि इस जागरण में क्षेत्र के सैंकड़ों महिला पुरूषों ने सारी रात खाटूश्याम के जागरण का आनंद लिया।इस जागरण में हापुड़ मुरादनगर गाजियाबाद आदि शहरों से श्रृद्धालु पधारे थे। जागरण पार्टी के स्वामी मंसाराम चौहान थे। चौहान के भजनों पर श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत का आनंद लिया।अंत में सभी श्रृद्धालुओं ने प्रसाद भी लिया।इससे पहले जिला हापुड़ के गांव झडीना निवासी दिनेश त्यागी को उनके 66 वें जन्मदिन पर किसोला वासियों ने केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। दिनेश त्यागी को शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।इसके बाद मुरादनगर से पधारे आयूष त्यागी को उनकी टीम ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस अवसर पर नरेश त्यागी कपिल त्यागी शेखर त्यागी विष्णु त्यागी दिनेश त्यागी झडीना जीते चौहान भाकियू आयुष त्यागी प्रिंस त्यागी विनोद त्यागी राजीव गर्ग अभाव त्यागी मनोज गोस्वामी मोनू त्यागी मिन्टू भारद्वाज पानीपत गोविंद त्यागी पानीपत मोहित त्यागी अमन त्यागी वाईके त्यागी राहुल त्यागी मौजूद रहे।

# लापता महिला की बरामद की को लेकर कोतवाली पर किया प्रदर्शन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** सीकरी खुर्द गाँव के सैकड़ों लोग एवं महिलाएं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा. बबली गुर्जर एवं राहुल प्रधान के नेतृत्व में थाने पर पहुँचे। आज से 4 दिन पहले सीकरी खुर्द गांव की एक महिला चेतना देवी घर से बाजार जाने के लिए कहकर गई थी जो अभी तक वापस नहीं आई है चार दिन पहले ही एफआईआर दर्ज करा दी गई थी परिवार वालों का कहना है कि चार दिन से लगातार उसके फोन पर घंटी जा रही है और उसकी लोकेशन मोदी पोन फैक्ट्री की मिल रही है लेकिन पुलिस अभी तक न तो मोबाइल बरामद कर पाई है और न महिला का पता चला है। थाने पर पहुँचकर सैकड़ों महिलाओं ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व महिला को बरामद करने की गुहार लगाई पूर्व विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी नीरज प्रजापति ने बताया कि पुलिस ने दो दिन का समय माँगा तब जाकर मामला शांत हुआ।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अगर दो। दिन में महिला को बरामद नहीं किया गया तो थाने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा इस मौके पर मुख्य रूप से डा बबली गुर्जर राहुल प्रधान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरज प्रजापति सभासद मोनू धामा जयप्रकाश शर्मा अमित गूजर बलबीर भड़ाना तिलक राज अंधाणा मोनू प्रधान परस राम पायलआदि सैकड़ों लोग वह महिलाएं उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब वाराणसी ब्राइट को मिला चार्टर, सुनीता भार्गव बनीं चार्टर प्रेसिडेंट



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** कैंटोनमेन्ट क्षेत्र स्थित होटल सूर्या में आयोजित अर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत दो नवम्बर रविवार को रोटरी क्लब वाराणसी ब्राइट को औपचारिक रूप से चार्टर प्रदान किया गया यह चार्टर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आशुतोष अग्रवाल के द्वारा प्रदान किया गया इस अवसर पर सुनीता भार्गव को क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट एवं रितिका जैन को चार्टर सेक्रेटरी के रूप में मनोनीत किया गया समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ और कार्यक्रम में रोटरी के वरिष्ठ पदाधिकारियों,क्लब सदस्यों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आशुतोष अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी क्लब वाराणसी ब्राइट समाजसेवा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और दृष्टि लेकर आएगा रोटरी के आदर्श सेवा ही सर्वोपरि को आत्मसात करते हुए यह क्लब निस्वार्थ सेवा का नया अध्याय लिखेगा।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब वाराणसी ब्राइट की ओर से सोनिया शेखर, मनोज मौर्या,ममता मिश्रा,प्राची गुप्ता, अमित गुप्ता,उमा रस्तोगी,दिलीप रस्तोगी,रितिका जैन, संजय भार्गव सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# शिवपुर उद्योग व्यापार मण्डल की तरफ से मेदांता हॉस्पिटल ने किया स्वास्थ्य जांच व एफएमसी के द्वारा सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** शिवपुर उद्योग व्यापार मण्डल (रजि.) ने मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से एक दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप और सरकारी योजनाओं की जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया यह कार्यक्रम हनुमान धर्मशाला लाल जी कुआं शिवपुर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला शिविर में स्थानीय व्यापारियों,उनके परिवारजनों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिससे स्वास्थ्य और व्यापारिक जागरूकता का संदेश व्यापक स्तर पर फैला शिविर का उद्घाटन शिवपुर उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों और मेदांता हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से सरदार वल्लभभाई पटेल की फोटो पर मल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर किया गया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए आयोजन की सराहना की ।

मण्डल के अध्यक्ष मनोज केसरी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने का माध्यम है बल्कि व्यापारियों को शिवपुर धर्मशाला में शिवपुर उद्योग व्यापार मंडल के तरफ से आर्थिक आरोग्यम केंद्र के माध्यम से डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके व्यवसाय को मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम उठाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण की सुविधा मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने शिविर में पहुंचकर सैकड़ों लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की,जांच में शामिल प्रमुख परीक्षण हुए। रक्तचाप (बीपी) जांच उच्च रक्तचाप की समस्या से जूझ रहे लोगों को तुरंत सलाह दी गई ब्लड शुगर टेस्ट डायबिटीज की जांच जिसमें कई मामलों में अनियमित शुगर लेवल पाया गया ईसीजी (हृदय जांच) दिल की सेहत की विस्तृत जांच, खासकर व्यापारियों के लिए जो लंबे समय तक तनाव में रहते हैं।

बीएमडी (हड्डी मजबूती जांच) ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का पता लगाने के लिए जांच किया गया। पीएफटी (फेफड़ों की कार्यक्षमता जांच) धूल-मिट्टी और प्रदूषण से प्रभावित फेफड़ों की सेहत का आकलन के बारे मे बताया गया जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित की गईं जिससे कई परिवारों को अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ी एक स्थानीय व्यापारी ने बताया ऐसे कैंप से हमें घर बैठे विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिली जो महंगे अस्पतालों में संभव नहीं होता। व्यापारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ शिविर में व्यापारिक जागरूकता पर फोकस किया गया जीएसटी संबंधित जानकारी रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट और अनुपालन की प्रक्रिया व्यापार ऋण (लोन) प्राप्ति मुद्रा लोन,स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाओं के तहत आसान प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज के बारे मे बताया।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की अग्रिम श्रद्धांजलि में निकली भव्य प्रभात फेरी, जो बोले सो निहाल - सत श्री अकाल' के जयघोष से गुंजा शहर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा, भूड़ भारत नगर की ओर से एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का शुभारंभ प्रातः 5:30 बजे गुरुद्वारा साहिब से अरदास के साथ हुआ और यह विभिन्न मार्गों से होते हुए दोपहर 1:00 बजे पुनः गुरुद्वारे पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भक्ति, उल्लास और 'जो बोले सो निहाल... सत श्री अकाल !ज के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभात फेरी का मार्ग भूड़ भारत नगर से आरंभ होकर जे ब्लॉक विजय नगर, विजय नगर थाना, ई ब्लॉक, डी ब्लॉक, सी ब्लॉक, एल ब्लॉक, एफ ब्लॉक, चाणक्य चौक होते हुए पुनः गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा तक पहुँचा। रास्ते भर घरों की छतों से पुष्प वर्षा की गई और श्रद्धालु संगत ने गुरु नानक देव जी के प्रति अपनी गहन श्रद्धा अर्पित की। भोर की ताजगी में जब संगत कीर्तन गाते हुए आगे बढ़ी, तो पूरा वातावरण गुरुवाणी की मधुर ध्वनियों से गूंज उठा। संगत में शामिल महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने हाथों में निसान साहिब लेकर प्रभात फेरी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते में सिख संगत द्वारा लंगर सेवा, फल सेवा और जल सेवा के अनेक स्टॉल लगाए गए, जिनसे समाज में सेवा, प्रेम और एकता का संदेश प्रसारित हुआ। प्रभात फेरी के समापन अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष अरदास की गई, जिसमें देश और समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव की कामना की गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार जोगिंदर सिंह जी ने इस अवसर पर संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने संसार को 'नाम, दान और ईमानज का मार्ग दिखाया। उनके उपदेश केवल धर्म तक सीमित नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण के लिए हैं। प्रभात फेरी का उद्देश्य समाज को उनके जीवन आदर्शों से जोड ?ा और लोगों में सेवा व समरसता की भावना जगाना है। उन्होंने बताया कि 5 नवम्बर 2025 को गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सुबह और शाम दोनों समय विशेष कीर्तन दरबार आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रसिद्ध रागी जत्थे गुरुबाणी कीर्तन द्वारा संगत को अमृतमय आनंद प्रदान करेंगे। संगत से विनम्र निवेदन किया गया कि वे अपने परिवार सहित उपस्थित होकर गुरुबाणी का अमृत रस ग्रहण करें और गुरु घर से आशीर्वाद प्राप्त करें। पूरे कार्यक्रम में नगर के विभिन्न गुरुद्वारों से भी संगत ने भाग लिया। प्रभात फेरी में नन्हे बच्चों की झांकियाँ, सजाए गए रथ और कीर्तन जत्थों की मधुर वाणी ने वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। भक्तों ने कहा कि इस प्रकार की प्रभात फेरियाँ समाज में भाईचारे, एकता और आध्यात्मिकता का संचार करती हैं।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने लगाया आधार-आयुष्मान शिविर: सैकड़ों लोगों को मिला लाभ, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों पर विशेष ध्यान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा रविवार को महागुनपुरम सोसाइटी में राष्ट्रीय डाक विभाग एवं महागुनपुरम सोसाइटी के सहयोग से एक दिवसीय 'आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड शिविरज्का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल केवल व्यापारिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक जनसेवा पहुंचाने के लिए समर्पित है। ऐसे शिविर हमारे सामाजिक दायित्व और संवेदनशीलता का प्रतीक हैं। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, वहीं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नए आधार कार्ड तैयार किए गए। साथ ही सभी आयु वर्ग के नागरिकों के आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा भी दी गई। कार्यक्रम में श्रेय आई सेंटर, इंदिरापुरम की ओर से मुफ्त नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें करीब 250 से अधिक लोगों ने आंखों की जांच कराई।

इस दौरान कई वरिष्ठ नागरिकों को दृष्टि संबंधी सुझाव और परामर्श भी दिए गए। शिविर में 265 से अधिक लोगों के आधार कार्ड बनाए या संशोधित किए गए और 45 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। राष्ट्रीय व्यापार मंडल की इस पहल की प्रशंसा करते हुए रिटायर्ड आईएएस ओमवीर वीरवाल ने कहा कि ऐसे सामाजिक शिविर समाज में सहयोग और जनकल्याण की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, शिविर नियंत्रक पंडित अशोक भारतीय (प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय व्यापार मंडल), प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव, संजय शर्मा, मनोज कुमार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं डाक विभाग की ओर से मनोज कुमार एवं अन्य अधिकारी भी शिविर में शामिल हुए। सभी अतिथियों और सहयोगी कर्मचारियों मनोज कुमार, तसीम खान, हेमंत, वैशाली, सीमा, सोहन पाल, अनुराग, शैलेन्द्र और राहुल का स्वागत महागुनपुरम समिति की ओर से यशपाल यादव, मूलचंद शर्मा, रविता सरोहा, विनीत त्यागी, प्रवीण चौधरी आदि ने माला, पटका और स्मृति चिन्ह देकर किया।

# कार्तिक नहान मेला: गढ़ बूढ़ी गंगा मां घाट पर ढिंडार गांव के प्रधान दिनेश चौधरी के डेरे पर हुआ श्रद्धा और सहभोज का संगम

वेलकम इंडिया





**गढ़मुक्तेश्वर।** पवित्र कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर गढ़ बूढ़ी गंगा मां घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सेक्टर-3 स्थित ढिंडार गांव के प्रधान दिनेश चौधरी के डेरे पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा मैया के दर्शन एवं स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मेले में लगे हजारों डेरों के बीच ढिंडार गांव का डेरा आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहाँ श्रद्धालुओं ने चाय-पानी, हुक्का-पानी का आनंद लिया तथा पारंपरिक दाल-रोटी, गुड़ की डली और छाछ के साथ सहभोज का लुत्फ उठाया।

इस अवसर पर ढिंडार गांव के डेरे पर पहुंचे पूर्व महापौर आशु वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, चेयरमैन मनवीर पंवार, मुकेश वर्मा, राजकुमार, कृष्णपाल, तुषार, सागर, योगेंद्र सिंह, चतर वीर, मुनेश पाल, राजपाल सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने गंगा मैया का आशीर्वाद लिया और सनातन प्रेमियों के साथ आध्यात्मिक सानिध्य का आनंद प्राप्त किया।

पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा, गंगा नहान का यह पर्व हमारे देश की सबसे प्राचीन और पवित्र परंपराओं में से एक है। इस दिन गंगा मैया की शरण में स्नान कर मनुष्य आत्मिक शुद्धि का अनुभव करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार द्वारा घाटों पर की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और स्वच्छता अभियान के कारण श्रद्धालुओं में जोश, उमंग और आस्था की झलक स्पष्ट दिखाई दी। स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित प्रबंधन ने स्नान एवं मेले का आनंद कई गुना बढ़ा दिया है। इसके लिए मैं योगी सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ।

भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा, गंगा मैया की गोद में हर कार्तिक स्नान आत्मा को शुद्ध करता है। ऐसे आयोजन हमारी सनातन संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। सभी क्षेत्रवासियों को कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रधान दिनेश चौधरी ने कहा, ढिंडार गांव का हर व्यक्ति गंगा मैया का भक्त है। हर वर्ष यहां श्रद्धालुओं का स्वागत करना हमारा सौभाग्य है। यह डेरा केवल ढिंडार का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का डेरा है। हम सब मिलकर गंगा मां की सेवा और स्वच्छता के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे।

कार्तिक स्नान के पावन पर्व पर गंगा तट पर भक्ति, श्रद्धा और लोक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्रवासियों को कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

## 7 नवम्बर को होगा

# श्री खाटू श्याम मित्र मंडल का 21वां विशाल वार्षिक उत्सवः भक्ति, भव्यता और सांस्कृतिक गौरव का संगम बनेगा आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल गाजियाबाद द्वारा रविवार को प्रेस वार्ता एवं भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से संस्था ने आगामी 21वें वार्षिक उत्सव की औपचारिक घोषणा की, जो शहर में 7 नवम्बर 2025 को भव्यता, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का भूमि पूजन मंत्रोच्चार और वैदिक विधि से किया गया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। संस्था के मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल ने बताया कि श्री खाटू श्याम मित्र मंडल का यह वार्षिक उत्सव अब गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर क्षेत्र में भक्ति और सेवा का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजन को और भी विशाल और भव्य रूप देने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। संस्था के चेयरमैन ए.के. तिवारी ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन भक्तिभाव और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत उदाहरण बनेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसे आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्पों की रंगीन माला, और भक्ति थीम पर आधारित सजावट से सुसज्जित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम का यह दरबार भक्तों की आस्था का केन्द्र है। हर वर्ष यहां लाखों श्रद्धालु बाबा के दर पर मत्था टेकने आते हैं। इस बार भी हमें अपार भीड़ की उम्मीद है, इसलिए व्यवस्थाएँ पहले से ही बड़े स्तर पर की जा रही हैं। इस आयोजन में श्री महंत नारायण गिरी जी महाराज एवं श्री गिरीशनंद जी महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। दोनों संतों की उपस्थिति में बाबा श्याम के चरणों में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण निर्मित होगा। भक्तिमय माहौल को और दिव्यता देने के लिए श्याम जगत के भजन सम्राट नंदू भैया जी तथा प्रसिद्ध पार्श्व गायक कन्हैया मित्तल अपने मधुर और हृदयस्पर्शी भजनों से बाबा श्याम को रिझाएँगे। इनके साथ कोमल शर्मा (जयपुर), अनिल जानी (मेरठ), विशाल शैली (पटियाला) और मयूर जी (सोनीपत) जैसे नामचीन भजन गायक भी मंच की शोभा बढ़ाएँगे। आयोजन समिति ने बताया कि बाबा श्याम के लिए कोलकाता के विशेष कारीगरों द्वारा एक दिव्य बागा (वस्त्र) तैयार किया जा रहा है, जो विशेष डिजाइन और रंग संयोजन के साथ निर्मित होगा। इसके अलावा बाबा को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे, जिनमें सूखे मेवे, मिठाइयाँ, फल, और पारंपरिक प्रसाद शामिल होगा। भक्तों के स्वागत के लिए इत्र वर्षा और भोजन प्रसादम की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि प्रत्येक आगंतुक को बाबा के आशीर्वाद के साथ स्नेह और सेवा का अनुभव हो। प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली गेट प्राचीन देवी मंदिर के महंत श्री गीतानंद जी महाराज के कर-कमलों से एक विशेष पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में भजन सम्राट नंदू जी के 800 प्रसिद्ध भजनों का संकलन किया गया है, जो श्याम भक्तों के लिए एक अमूल्य धरोहर के रूप में प्रस्तुत की गई। संस्था के अध्यक्ष सौरभ गर्ग ने इस अवसर पर सभी श्याम प्रेमियों से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा श्याम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करें।

# मोहननगर में सरदार पटेल जयंती पर भव्य समारोह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने पटेल धर्मशाला निर्माण की घोषणा की



वेलकम इंडिया

**गाजियाबादः** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रविवार को मोहननगर स्थित पटेल उद्यान में सरदार पटेल सेवा संस्थान की ओर से भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान शामिल हुए।

उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान मंत्री राकेश सचान ने मोहननगर के विकास के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सरदार पटेल सेवा संस्थान को आवंटित भूमि पर पटेल धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक सुलभ स्थल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने इस दिशा में संस्थान और स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील की। मंत्री की इस घोषणा पर उपस्थित लोगों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में मौजूद समाज के विभिन्न वर्गों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग देने का संकल्प लिया। कई लोगों ने मौके पर ही धर्मशाला निर्माण के लिए स्वैच्छिक योगदान की घोषणा की, जिससे इस परियोजना को जल्द गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपने संबोधन में राकेश सचान ने कहा कि आज का भारत, सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदृष्टि और अदम्य साहस का परिणाम है, जिन्होंने 562 देशी रियासतों को जोड़कर एक भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने यह साबित किया कि सच्चे नेतृत्व में असंभव भी संभव हो सकता है। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर देश की एकता और प्रगति को बनाए रखना है। मंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को सिर्फ रोजगार पाने की नहीं, बल्कि रोजगार देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने एमएसएमई विभाग की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। युवाओं को चाहिए कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें और प्रदेश की आर्थिक वृद्धि में भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र वर्मा और हरिश्चंद्र पटेल मौजूद रहे, जिन्होंने मंत्री के प्रयासों की सराहना की और पटेल धर्मशाला निर्माण के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। संस्थान के अध्यक्ष रमापति चौधरी, महासचिव बृजभान सिंह, उपाध्यक्ष संतोष उमराव, राजकुमार पटेल, सेवानिवृत्त आईएएस कल्याण सिंह, हरीश चंद्र पटेल, जनार्दन चौधरी, कमलेश पाटील, एनके चौधरी, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, हरीश सचान, राजकुमार वर्मा, अजय पटेल, सुभाष वर्मा और नंदलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। अंत में मंत्री राकेश सचान को संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि मंत्री की घोषणा से मोहननगर में सामाजिक एकजुटता को नई दिशा मिलेगी। पटेल धर्मशाला का निर्माण स्थानीय समुदाय के लिए ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम साबित होगा।

## गाजियाबाद में यूपीपीसीएल के चेयरमैन और पीवीवीएनएल के एमडी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने शनिवार को गाजियाबाद का दौरा कर विद्युत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इन्होंने विद्युत सेवा केंद्र और हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वाणिज्य खण्ड- 2 सेक्टर 16 वसुंधरा स्थापित हेल्प डेस्क और उपभोक्ता सेवा केंद्र का निरीक्षण कर उपभोक्ता शिकायत निस्तारण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही, विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान 33/11 केवी सबस्टेशन पर स्थापित हेल्प डेस्क का स्थलीय निरीक्षण किया। उपभोक्ता शिकायत निस्तारण प्रगति एवं फील्ड रेस्पॉन्स व्यवस्था की जानकारी ली। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्रीय अभियंताओं के साथ उपभोक्ता सेवा, नेटवर्क विश्वसनीयता, आपूर्ति सुरक्षा, फाल्ट रेस्पॉन्स समय और 1912 शिकायत व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए उपभोक्ताओं की शिकायत का समय पर निस्तारण किया जाए। हेल्प डेस्क कार्यप्रणाली की रोजाना निगरानी की जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले।

## शिव मंदिर औषधालय में निशुल्क हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण शिविर सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आईएमए गाजियाबाद (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) एवं कल्कि ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 2 नवम्बर 2025 को शिव मंदिर समिति, नेहरू नगर सेकंड (सीईएफ ब्लॉक) के सौजन्य से शिव मंदिर औषधालय परिसर में निशुल्क हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह आरंभ होकर दोपहर तक चला, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पहले चरण में कुल 98 लोगों ने इस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। चिकित्सा विशेषज्ञों ने बताया कि जिन लाभार्थियों को आज टीका लगाया गया है, उन्हें दूसरी और तीसरी डोज भी निर्धारित समय पर पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में हेपेटाइटिस-बी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को नियमित टीकाकरण के महत्व से अवगत कराना था।

## भाजपा सरकार ने बढ़ाया मुआवजा, एसआईटी जांच से जगी न्याय की उम्मीद

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** 1984 के सिख दंगों का दर्द आज भी सिख समाज के दिलों में ताजा है। कांग्रेस शासनकाल में जिस तरह सिख समुदाय पर अत्याचार हुआ, उसे समय ने भले ढक दिया हो, पर मिटा नहीं सका। गाजियाबाद में तीन दिन तक चले उस भीषण दंगे ने 29 परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया था। घर जल गए, मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, पर कांग्रेस सरकार ने पीड़ितों के जख्मों पर सिर्फ 25-25 हजार रुपये की आर्थिक मदद देकर औपचारिकता पूरी की। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने सिख समाज के दर्द को कभी महसूस ही नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिनके घर राख में बदल गए, जिनके अपनों को भीड़ ने जिंदा जला दिया, उन्हें कांग्रेस ने सिर्फ कुछ हजार रुपये देकर चुप कराने की कोशिश की। आज भी उन जख्मों का दर्द हमारे दिलों में ताजा है। 1984 के दंगों के दौरान गाजियाबाद भी आग की लपटों में घिरा हुआ था। तीन दिन तक लगातार हिंसा होती रही। नासिरपुर फाटक के पास एक पिता और पुत्र को गले में टायर डालकर जिंदा जला दिया गया था। शहर के कई हिस्सों में आगजनी और लूटपाट हुई। बाद में प्रशासन ने राहत कैंप लगाए और लोगों को सुरक्षा में रखा। दंगा शांत होने के कुछ दिनों बाद, 8 नवंबर को सिख समाज के लोग गुरुनानक जन्मोत्सव मनाने के लिए बजरिया गुरुद्वारा सिंह सभा में इक्ठा हुए। उसी सभा में दंगे में अपने पति और बेटे को खो चुकी बीबी हरनाम कौर बिलख रही थीं, जबकि मंच पर मौजूद अधिकारियों का सम्मान किया जा रहा था। उस समय महज 24 वर्ष के सरदार एस.पी. सिंह, जो खुद उस सभा में उपस्थित थे, ने जब यह दृश्य देखा तो विरोध में खड़े हो गए। उन्होंने कहा, 'आप उन अफसरों का सम्मान कर रहे हैं, जिनकी आंखों के सामने निर्दोष लोगों की हत्या हुई। उनके इस साहसिक विरोध के बाद कई अन्य युवा भी उनके साथ खड़े हो गए। स्थिति बिगड ? के डर से तत्कालीन डीएम सी.पी. सिंह और एसएसपी कार्यक्रम से चुपचाप निकल गए। इसके बाद पुलिस और सेना की टीमों को तैनात किया गया ताकि कोई नई अप्रिय स्थिति न बने। 17 अक्टूबर 2000 को सरदार एस.पी. सिंह उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य नामित किए गए।

## पंचदिवसीय अथर्ववेद परायण महायज्ञ हर्षोल्लास से संपन्नः संस्कार, संस्कृति और वेदज्ञान का हुआ महापर्व

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आर्य समाज संजय नगर के 36वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित पंचदिवसीय अथर्ववेद परायण महायज्ञ और 'सत्य सनातन वैदिक धर्म का आधार संस्कार और संस्कृतिज सम्मेलन का रविवार को हर्षोल्लास और श्रद्धा के वातावरण में संपूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन रामलीला मैदान, संजय नगर सेक्टर-23 में किया गया, जहां आर्य समाज के अनुयायियों और शहरभर से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा डॉ. योगेश शास्त्री (गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार) रहे, जबकि गुरुकुल बरनावा के आचार्य अंकुर शास्त्री, सोहित योगी और अमित शास्त्री ने वेदपाठ किया। मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती नगेश त्यागी एवं अरुण त्यागी उपस्थित रहे। यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रों की गूंज और आहुति की सुगंध से वातावरण पवित्र और आध्यात्मिक बना रहा। पूर्णाहुति के अवसर पर डॉ. योगेश शास्त्री ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि जो लोग विद्वानों और धर्मात्माओं के साथ यज्ञ जैसे श्रेष्ठ कर्मों में सहभागी होते हैं।

## सिहानी गेट पुलिस ने एक हत्यारे को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद में युवक की हत्या के मामले से पुलिस ने कुछ ही घंटों में पर्दा उठा दिया। युवक की हत्या करने वाले आरोपी सन्नी यादव को पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार और खून से सने कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक ये हत्या लेनदेन के विवाद और प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर की गई थी। बीती 1 नवंबर की रात थाना सिहानी गेट इलाके में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सुराग मिलने पर शनिवार सुबह पुलिस ने पुराना बस अड्डा फ्लाईओवर के नीचे घेराबंदी कर आरोपी सन्नी यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू, खून से सने कपड़े और चप्पल बरामद किए हैं। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने बताया कि पुलिस पूछताछ में सन्नी ने स्वीकार किया कि करीब डेढ़ साल पहले उसने युवक की मां संगीता को दो लाख 30 हजार रुपए उधार दिए थे। जिसमें से एक लाख 30 हजार रुपए लौटाए गए।



लेकिन शेष एक लाख रुपए वो नहीं लौटाए थे। इसी को लेकर उसका मृतक युवक से विवाद चल रहा था। एसीपी ने बताया कि इसके अलावा सन्नी के मृतक की बहन से भी प्रेम प्रसंग था, जिसका युवक विरोध करता था। एक नवंबर की रात को जब आरोपी अपने रुपए मांगने गया था तब उसका युवक से झगड़ा हो गया था और इसी दौरान उसने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी। एसीपी पांडे ने बताया कि सिहानी गेट पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटे में हत्या की इस गुत्थी को सुलझा दिया। उन्होंने कहा आरोपी ने पैसे और प्रेम संबंधों में बाधा बनने की वजह से ही वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी सन्नी यादव के खिलाफ पहले भी थाना कोतवाली में छेड़छाड़ का मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## देवोत्थान एकादशी पर गाजियाबाद में 600 से अधिक शादियों का हुजूम

**गाजियाबाद।** शहर में रविवार को देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर 600 से अधिक शादियां संपन्न हुईं। इस अवसर ने शहर के फार्म हाउस, बैंक्वेट हाल और सामुदायिक केंद्रों को सजाया और शादियों की रौनक से पूरे गाजियाबाद में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया। व्यापारी और बाजार इस दिन की बढ़ी हुई बिक्री को देखकर काफी उत्साहित हैं। कपड़े, गहने, फूल और फलों की मांग चरम पर रही। स्थानीय व्यापारी बताते हैं कि शादियों के सीजन में इस तरह की बिक्री आम दिनों की तुलना में कई गुना अधिक होती है।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर निकला भव्य नगर कीर्तनः गूँजा 'जो बोले सो निहाल', शहर हुआ गुरुवाणी के रंग में रंगा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव के शुभ अवसर पर रविवार को जिले में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति से ओत-प्रोत भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा नंदग्राम साहिब से आरंभ होकर गुरुद्वारा लाल क्वार्टर साहिब पर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में 'जो बोले सो निहाल... सत श्री अकाल !ज्के जयकारों से वातावरण गूँज उठा। नगर कीर्तन के मार्ग पर भक्तों ने पुष्प वर्षा कर संगत का स्वागत किया। सड़कें गुरु नानक देव जी के उपदेशों से सजी झांकियों, नगाड़ों, पंज प्यारों की अगुवाई, और बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई धार्मिक झांकियों से आस्था के रंग में रंग गईं। गुरुद्वारा शिब्बनपुरा साहिब पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगत के लिए चाय, जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई। स्थानीय निवासियों ने अपने घरों से संगत पर पुष्प वर्षा कर गुरु नानक देव जी के प्रति श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम में पूर्व अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन से हमें समानता, सेवा और भाईचारे का अमूल्य संदेश दिया। आज जब दुनिया विभाजन और संघर्षों से जूझ रही है, तब गुरु जी के विचार हमें फिर से इंसानियत का पाठ पढ़ाते हैं। उनका संदेश समय की सीमाओं से परे है और सदा जीवंत रहेगा।

## छह साल में केवल 67 दिन ही साफ हवा मिली

**गाजियाबाद।** जिले में प्रदूषण का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते छह वर्षों का आंकड़ा यह दर्शाता है कि केवल 67 दिन ही साफ हवा मिल सकी, जबकि बाकी दिन नागरिकों को संतोषजनक, मध्यम, खराब, बेहद खराब और गंभीर श्रेणी की हवा में ही सांस लेना पड़ा। विशेष रूप से वर्ष 2020 से अब तक 54 दिन गंभीर प्रदूषण वाली हवा में गुजरे हैं। ऐसे माहौल में सामान्य व्यक्ति को भी सांस लेने में कठिनाई और आंखों में जलन जैसी समस्याएं महसूस होती हैं। वर्ष 2020 और 2021 में हवा की गुणवत्ता सबसे अधिक खराब रही।

## महिपाल का हत्यारा निकला सनकी आशिक दीपक को थाना बादलपुर पुलिस ने पिस्टल समेत किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** जिला गौतमबुद्धनगर के थाना बादलपुर पुलिस ने बमबावड गांव के रहने वाले मृतक महिपाल की हत्या खुलसा 48 घण्टे के भीतर किया है जो कि मृतक की बेटी से एक तरफ प्यार करता था। पकड़े गए अभियुक्त से हत्या में प्रयोग की हुई 32 बोर की पिस्टल 3 जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी दीपक गोस्वामी मूल रूप से मेरठ का रहने वाला है और फिलहाल सूरजपुर में रह रहा था। वह बी-फार्मा थर्ड ईयर का छात्र है और वर्ष 2022 से एक दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यानी एमआर के पद पर कार्यरत था। कुछ साल पहले दीपक की पहचान महिपाल की बेटी से इंस्टाग्राम पर हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती बढ़ी और दीपक उससे शादी करना चाहता था। हालांकि, लड़की और उसके परिवार ने इस रिश्ते से इनकार कर दिया और उसने दीपक से संपर्क तोड़ लिया। बाद में जब दीपक को पता चला कि लड़की की शादी 10 दिसंबर को तय हो चुकी है, तो उसने गुस्से में महिपाल की हत्या की योजना बना डाली। पुलिस के मुताबिक, दीपक को यह भ्रम था कि अगर वह लड़की के पिता की हत्या कर देगा तो उसकी शादी टल जाएगी और इस बीच वह लड़की की हमदर्दी हासिल कर सकेगा। उसने मेरठ में अपने एक दोस्त से पिस्टल ली और पूरी योजना बनाकर रेकी करने के बाद महिपाल को गोली मार दी। बादलपुर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया है।

## गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 3 नवंबर को होगा भव्य सम्मान समारोह

वेलकम इंडिरू

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के खेल जगत के लिए यह क्षण ऐतिहासिक बन गया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) में उपाध्यक्ष जैसे शीर्ष पद पर निर्विरोध चुना गया है। यह सम्मान प्राप्त किया है गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश मिश्रा ने, जिनकी ईमानदार छवि, सशक्त नेतृत्व क्षमता और खेल के प्रति समर्पण ने पूरे प्रदेश में एक मिसाल कायम की है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने और राकेश मिश्रा का अभिनंदन करने के लिए गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 3 नवंबर 2025 (सोमवार) को फॉर्च्यून होटल, राजनगर में शाम 4:30 बजे से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले और प्रदेश भर से खेल जगत की जानी-मानी हस्तियां, क्रिकेट खिलाड़ी, खेल प्रशासक, राजनेता, और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत करते हुए राकेश मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे गाजियाबाद का है। इस पद के माध्यम से मेरा उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश के हर कोने में छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभा को पहचान मिले, प्रशिक्षण मिले और अवसर मिले। मैं चाहता हूं कि प्रदेश का हर युवा खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाए।